वर्ष 13, अंक 182
गैरसैंण
रविवार
6 नवम्बर 2022
पृष्ठ 8

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

## उत्तराखण्ड में बनेगी साइंस सिटी : सीएम

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**देहरादून** : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को उत्तरांचल यूनिवर्सिटी प्रेमनगर, देहरादून में विज्ञान भारती उत्तराखण्ड एवं प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार द्वारा आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर एटलस एवं सार संग्रह का विमोचन भी किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि वैज्ञानिक सोच को जागृत करने और अनुसंधान को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य में साइंस सिटी के निर्माण का निर्णय लिया है। हर क्षेत्र तक अनुसंधान एवं शोध गतिविधियों को पहुंचाने लिए लैब्स ऑन व्हील और अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में जागरूकता के लिए राज्य में एस्ट्रो पार्क बनाने पर भी विचार कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) और विज्ञान व प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सहयोग से आयोजित आकाश तत्व सम्मेलन में देश भर से आए विषय विशेषज्ञों का उत्तराखंड में स्वागत करते हुए कहा कि उत्तराखंड की पावन धरा पर आयोजित यह चिंतन कार्यक्रम निश्चित रूप से पंच महाभूतों में प्रधान आकाश तत्व के नवीन आयामों की विवेचना करने में सफल होगा। आज का नया भारत विज्ञान के क्षेत्र में महाशक्ति के रूप में स्थापित हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने पुरातन व आधुनिक विज्ञान दोनों की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए सीएसआर अर्थात कॉर्पोरेट सोशल रेस्पांसिबिलिटी की तर्ज पर एसएसआर अर्थात साइंटिफिक सोशल रेस्पांसिबिलिटी के विचार को अपनाने की वैज्ञानिकों से अपील की है। इस प्रकार के सम्मेलन वैज्ञानिक समुदाय के क्रिएटिव माइंडस को एक मंच पर लाकर एक भारत-श्रेष्ठ भारत की संकल्पना को सार्थक करने का मजबूत प्रयास है। उन्होंने कहा कि मानव जीवन के लिए पांच तत्वों आकाश, वायु, जल, पृथ्वी और अग्नि का होना अत्यंत महत्वपूर्ण है। इन पंच तत्वों के संरक्षण व संवर्धन की हमारी प्राचीन परंपरा को आगे बढ़ाने के लिए इस सम्मेलन में विचार-विमर्श हो रहा है, जो निश्चित रूप से सार्थक सिद्ध होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम उत्तराखंड वासी सौभाग्यशाली हैं कि हम हिमालय की गोद में बसे हैं और ये पंचतत्व हमें विशुद्ध रूप से शुद्ध वायु, स्वच्छ जल, उपजाऊ मृदा और स्वच्छ आकाश के रूप में प्रकृति से उपहार स्वरूप मिले हैं। राज्य सरकार की कोशिश है कि आर्थिकी और पारिस्थितिकी के बीच संतुलन बना रहे।



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए।

राज्य सरकार सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के साथ-साथ सकल पर्यावरण उत्पाद (जीईपी) की महत्ता पर विशेष ध्यान दे रही है। इस अवसर पर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री, भारत सरकार डॉ. जितेंद्र सिंह, प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार भारत सरकार डॉ. अजय कुमार सूद , सचिव अंतरिक्ष विभाग एस सोमनाथ, विज्ञान भारती से विवेकानंद, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व सर कार्यवाह सुरेश जोशी ने अपने विचार व्यक्त किये। इस मौके पर सांसद एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक, राज्यसभा सांसद नरेश बंसल, श्रीमती कल्पना सैनी, संगठन महामंत्री भाजपा अजेय कुमार उत्तरांचल विश्विद्यालय के कुलाधिपति डॉ. जितेंद्र जोशी आदि मौजूद थे।

## सीएम के फ्लीट को भटकाने पर इंस्पेक्टर सस्पेंड

**देहरादून।** सीएम के फ्लीट को भटकाने पर नेहरू कलोनी इंस्पेक्टर सस्पेंड कर दिया गया। शुक्रवार को सीएम पुष्कर सिंह धामी को इगास के कार्यक्रम के लिए दून विश्वविद्यालय के पास जाना था। नियमानुसार स्थानीय थाना पुलिस को काफिले को एस्कर्ट करना होता है ।

इंस्पेक्टर गंतव्य को जाने वाले रास्ते को बदलकर काफिले को दूसरे रास्ते पर ले गए। बेवजह सीएम का काफिला इधर से उधर घूमता रहा। इस मामले में शनिवार को एसएसपी दलीप सिंह कुंवर ने इंस्पेक्टर नेहरू कलोनी मुकेश त्यागी को सस्पेंड कर दिया है।

## देशी तमंचा व कारतूस लेकर स्कूल पहुंचा दसवीं का छात्र

**हरिद्वार।** सिडकुल थाना क्षेत्र नवोदय विद्यालय में दसवीं कक्षा में पढ़ने वाला एक छात्र देशी तमंचा व कारसूत लेकर स्कूल पहुंच गया। अन्य छात्रों से जानकारी मिलने पर स्कूल प्रशासन ने पुलिस को अगवत कराया। पुलिस ने मुकद्मा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। तमंचा व कारतूस भी बरामद कर लिया गया है। पुलिस छात्र के परिजनों से पूछताछ कर रही है। एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि छात्र का बारहवीं कक्षा के एक छात्र से कुछ दिनों पूर्व झगड़ा हुआ था। इसके बाद से दोनों छात्रों में मनमुटाव चल रहा था। छात्र टुट्टीयों में जब घर गया था तो वहां से तमंचा व कारतूस लाया था। शनिवार को पुलिस को इसकी सूचना मिली तो मुकद्मा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। छात्र नाबालिक है इसलिए उसके परिजनों को भी पूछताछ के लिए बुलाया गया है। छात्र तमंचा कहां से लाया और इसके पीटे उसकी क्या नीयत थी इसकी जांच की जा रही है।

## राज्य स्थापना दिवस पर मिलेगी दून में मरीजों को बड़ी सौगात

**देहरादून।** देहरादून में मरीजों को राज्य स्थापना दिवस के मौके पर बड़ी सौगात मिलने जा रही है। दून मेडिकल कलेज अस्पताल की नई ओटी, आईसीयू और इमरजेंसी बिल्डिंग अब सात साल में बनकर तैयार हुई है। राज्य स्थापना दिवस पर इसका संचालन शुरू करने की पूरी तैयारी कर ली गई है। सात या आठ नवंबर को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, स्वास्थ्य मंत्री डा. धन सिंह रावत इस बिल्डिंग एवं ओपीडी भवन की दूसरी विंग का शुभारंभ करेंगे। प्राचार्य डा. आशुतोष सयाना ने बताया कि सीएम एवं मंत्री से समय लिया जा रहा है। वहीं डिप्टी एमएस डा. धनंजय डोभाल की अगुवाई में ओटी, निक्कू, पीकू आदि वार्ड शिफ्ट कर दिए गए हैं। बाकी शिफ्टिंग की जा रही है। इमरजेंसी, ट्रामा, बर्न यूनिट नई बिल्डिंग में शुरू होने से मरीजों को राहत मिलेगी। बता दें कि 129 करोड की बिल्डिंग की पिछले दो सालों से कई बार डेडलाइन बदली । लेकिन अब कार्यदायी संस्था को बार बार नोटिस भेजकर कार्य पूरा कराया गया है।

## हाईकोर्ट विस्थापन के विरोध में नैनीताल में निकलेगा जुलूस

**नैनीताल।** नैनीताल से हाईकोर्ट को मैदानी क्षेत्र में विस्थापित को लेकर अधिवक्ता विरोध कर रहे हैं। उत्तराखंड अधिवक्ता संयुक्त मोर्चा के तत्वावधान में मंगलवार को राम सेवक सभा से जुलूस निकाला जाएगा।\

## शक्ति नहर में गिरी कार, एक लापता

**विकासनगर।** कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत एक कार अनियंत्रित होकर शक्ति नहर में समा गई। कार में सवार एक व्यक्ति अभी लापता है, जबकि दूसरे व्यक्ति को स्थानीय लोगों ने सकुशल बाहर निकाल दिया। लापता व्यक्ति की तलाश में पुलिस और एसडीआरएफ की टीम शक्ति नहर में सर्च अभियान चला रही है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शनिवार सुबह जसविंदर सिंह सैनी पुत्र सुमेर चंद, निवासी डंडी (हरियाणा) और राशिद (35) पुत्र मौ. अलाउद्दीन निवासी समस्तीपुर (बिहार) भीमावाला में यमुना नदी पर बन रहे पुल का निर्माण कर रही कंस्ट्रक्शन कंपनी में काम करते हैं। शनिवार सुबह दोनों यमुनानगर से वापस कार्यस्थल की ओर जा रहे थे। भीमावाला के निकट सुबह करीब साढ़े आठ बजे उनकी कार अनियंत्रित होकर शक्तिनहर में समा गई। कार को शक्ति नहर में गिरते हुए भीमावाला के ग्रामीणों ने देखा जो तुरंत मौके पर पहुंचे और कार सवार जसविंदर को रस्सी के सहारे सकुशल बाहर निकाल दिया।

### ललन सिंह के गढ़ में आरसीपी सिंह का जोरदार हमला

## बोले, अबकी तो जमानत होगी जब्त

**जमालपुर (मुंगेर), एजेंसी।** सरदार वल्लभ भाई पटेल की 146वीं जयंती समारोह के अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री आरसीपी सिंह जमालपुर पहुंचे। जहां सामाजिक राजनीतिक नेता प्रीतम सिंह के नेतृत्व में पटेल सेवा संघ मुंगेर के अध्यक्ष राज कुमार मंडल, सचिव लटोरी मंडल व सामाजिक राजनीतिक एवं समाजसेवियों ने पूर्व मंत्री को अंग वस्त्र एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत एवं अभिनंदन किए। सरदार पटेल के पहले चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए जेडीयू के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व केंद्रीय मंत्री आरसीपी सिंह ने सभा को संबोधित करते हुए कहा आज सरदार पटेल होते तो देश का स्वरूप बदला होता। क्यों क्योंकि देश को जो मजबूत आधार एवं नीव उन्होंने आजाद भारत में रखी थी। उस नींव पर काम नहीं हुआ जिसके कारण उनके अखंड भारत बनाने का सपना आज भी अधूरा रह गया।

पूर्व मंत्री ने जहां वर्तमान राजनीतिक पर तीखा प्रहार करते हुए कहा बिहार मजदूरों का मंडी बनकर रह गया। बिहार विकास का जो भी ख्याल किए हैं वह सोच 70 दशक पुराना है। इसलिए बिहार का जो विकास होना चाहिए वह नहीं हुआ। समुचित विकास तभी संभव है जब बिहार के प्रत्येक व्यक्ति के आय सामान्य रूप से सबल होगा,और इसको लेकर बिहार में उद्योग को बढ़ावा देने की आवश्यकता है।

वहीं कार्यक्रम के बाद मीडिया से मुखातिब होते हुए आरसीपी सिंह ने जेडीयू अध्यक्ष ललन सिंह पर बड़ा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि ललन सिंह आज जो सीना तानकर घूम रहे हैं, वह एनडीए की देन हैं। ललन सिंह का अपना कोई जनाधार नहीं है, इस बार के लोकसभा चुनाव में उनकी जमानत जब्त होने वाली है। मुंगेर के एनडीए कार्यकर्ताओं की देन है कि ललन सिंह वहां के सांसद बनें। 2024 में ललन सिंह को जमानत बचाना मुश्किल हो जाएगा। मुंगेर में उनका जनाधार जीरो बट्टा सन्नाटा है।

आरसीपी सिंह ने कहा कि नीतीश कुमार ने जिस अनंत सिंह को जेल में बंद कराया, उसी अनंत सिंह के पक्ष वोट मांगने के लिए ललन सिंह प्रचार करने गए। मुंगेर के जितने एनडीए के कार्यकर्ता थे। उन्होंने ललन सिंह को सांसद बनाया। ललन सिंह जो आज सीना तानकर घूम रहे हैं वह एनडीए कार्यकर्ताओं की देन है।

## कांग्रेस ने रक्षा सौदों के नाम पर दलाली की: पीएम

### पांच साल बाद सरकार बदलने की परंपरा पर पीएम मोदी ने दिया कड़ा संदेश, नुकसान भी गिनाए

**सुंदरनगर, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा पांच-पांच साल वालों ने हिमाचल का बहुत नुकसान करवाया है। वह दवाई के उदाहरण से प्रदेश के लोगों को पांच-पांच साल में सरकार बदलने के दुष्प्रभाव समझा गए। उन्होंने कहा कि बार बार दवाई व डाक्टर बदलने से बीमारी नहीं जाती है। किसी को फायदा नहीं होता है। हिमाचल में ऐसी ही गलती होती रही। किसी ने इसकी जिम्मेदारी नहीं ली। लोगों की समस्याओं की शिमला में बैठने वालों ने चिंता नहीं की, क्योंकि उन्हें पता था कि पांच साल बाद तो आना ही नहीं। जनता अगर जवाबदेही चाहती हैं तो इस बार रिवाज बदल कर देंखे।पहले से दोगुना गति के साथ विकास होगा। उन्होंने शनिवार को सुंदरनगर के जवाहर पार्क में मंडी संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशियों के पक्ष में विजय संकल्प रैली को संबोधित किया।

पीएम मोदी ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कांग्रेस ने रक्षा सौदों के नाम पर कांग्रेस ने दलाली की। इसका खामियाजा व नुकसान हिमाचल की वीर माताओं को झेलना पड़ा। सीमा पर देश व प्रदेश के जवान बलिदान हुए। लेकिन अब ऐसा नहीं है। रक्षा सौदों में कोई देरी नहीं होती है।

पीएम मोदी ने कहा कि हिमाचल का यह बेटा दिल्ली में आपके लिए कुछ करना चाहता हूं। पांच साल से कर रहा हूं और आगे भी करना चाहता हूं। गलती से यहां आपने गलत लोगों को बिठा दिया तो दिल्ली बैठ कर कुछ नहीं कर सकता।

हिमाचल का इस बार का चुनाव बहुत खास है। 12 नवंबर को जो वोट पड़ेंगे वो आने वाले पांच नहीं 25 साल की विकास यात्रा तय करेंगे। देश आजादी व हिमाचल अपने स्थापना के 100 वर्ष मनाएगा।



मोदी ने कहा कि प्रदेश के तेज विकास के लिए स्थिर सरकार जरूरी है। भाजपा यानी स्थिरता, भाजपा यानी सेवा भाव, भाजपा यानी सदभाव, भाजपा यानी विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता। इस चुनाव में हिमाचल के लोग भाजपा की जोरदार वापसी की ठान चुके हैं। सैनिकों व वीर मातओं की ये धरती जब संकल्प लेती है तो उसे सिद्ध करके दिखाती है।

मुझे कुछ दिन पहले मंडी आना था लेकिन मौसम प्रतिकूल होने से नहीं आ सका। उसी दिन मैंने तय कर लिया था कि जब भी हिमाचल चुनावी रैलियां शुरू होंगी सबसे पहले मैं मंडी जाऊंगा और यहां की जनता से क्षमा मागूंगा। मंडी और हिमाचल के लोगों ने इतना कष्ट उठाया और मैं पहुंच नहीं पाया। इसकी पीड़ा मेरे मन में हमेशा रहेगी।

मोदी ने कहा कि सुंदरनगर में बातें करना मेरा क्रम बन गया था। तब मैंने नहीं सोचा था कि देश और हिमाचल की सेवा का मौका मिलेगा। सुंदरनगर के पुराने साथी बात किया करते होंगे तो उन्हें भी आश्चर्य हुआ करता होगा। ठाकुर गंगा सिंह, दिले राम व दामदोर दास जैसे अनेक सहयोगियों से मैंने बहुत कुछ सीखा था।

सुंदरनगर के होनहार सपूत मुक्केबाज आशीष चौधरी से मुझे बात करने का मौका मिला था। टोक्यो ओलंपिक जाने से पहले जब वो स्पेन में प्रशिक्षण ले रहे थे तब मेरी बात हुई थी। पिता की मौत के बाद जिस तरह का हौसला आशीष ने दिखाया वो सभी नहीं दिखा पाते हैं। पहाड़ लोगों में बड़ा जज्बा होता है।

मोदी ने कहा कि हिमाचल में कांग्रेस ने तरसाओ, लटकाओ, भटकाओ की नीति पर काम किया। राजनीतिक दृष्टि से छोटे पहाड़ी प्रदेश के विकास को कभी प्राथमिकता नहीं दी। इससे हिमाचल लगातार पीटे होता गया।कांग्रेस की सच्चाई यह है कि 2012 में जिस घोषणापत्र पर वो चुनाव जीते थे। उसमें एक भी काम उन्होंने 2012 से 2017 के दौरान नहीं किया। घोषणापत्र खोलकर देखा ही नहीं। भाजपा की पहचान है कि जो कहते हैं उसे पूरा कर दिखाते हैं।कांग्रेस सरकार के समय प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना में पैसा देने के बाद भी कांग्रेस 2014 से 2017 मात्र 15 घर बना पाई। जनता ने हिमाचल को डबल इंजन की सरकार दी तो 10,000 घरों पर काम शुरू हुआ। 8000 से ज्यादा घरों का काम पूरा हो चुका है। लोग तय करें 15 घर बनाने वाली या 10,000 घर बनाने वाली सरकार चाहिए। ये संभव मोदी व जयराम नहीं बल्कि जनता के वोट से हुआ है। सब मिलकर रिवाज बदलेंगे।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोलन के ठोडो मैदान में कहा कि खुद को कट्टर ईमानदार बताने वाले ही सबसे बड़े भ्रष्टाचारी हैं। कांग्रेस पर कभी भरोसा मत करना। स्वतंत्रता के बाद देश का पहला घोटला कांग्रेस ने रक्षा क्षेत्र में ही किया था। कांग्रेस ने अपने कार्यकाल में जमकर दलाली खाई है। कांग्रेस यह कभी नहीं चाहती थी कि देश रक्षा साजो सामान में आत्मनिर्भर बने। कांग्रेस रक्षा सौदों में कमीशन चाहती थी। हथियारों में दलाली खाकर कांग्रेस ने कितनी ही जिंदगियों के साथ खिलवाड़ किया है, लेकिन भाजपा किसी के साथ अन्याय नहीं होने लगी। 50 वर्ष से अधिक हो गए हैं जब कांग्रेस ने गरीबी हटाओ का नारा लगाया था। सबको लगता था कि गरीबी जाएगी। चुनाव होते गए कांग्रेस सरकार बनाती रही, लेकिन गरीबी नहीं हटी। झूठी गारंटी देना कांग्रेस की आदत है। कर्ज माफी के नाम पर कांग्रेस किस तरह झूठ बोलती रही है। वन रैंक वन पेंशन भाजपा ने दी है। कांग्रेस प्रत्येक चुनावों में यह वादा करती थी। भाजपा ने इसे पूरा करके दिखाया है। 60 हजार करोड़ रुपये पूर्व सैनिकों को मिले। कांग्रेस ने देश की वीर माताओं और जवानों से झूठ बोला है। यदि कांग्रेस सरकार होती तो आज भी वन रैंक वन पेंशन के नाम पर आपको ठगती रहती। वहीं, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश कश्यप ने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने प्रदेश में विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं।

## ज्वालापुर कोतवाली पुलिस ने किया सैक्स रैकेट का खुलासा

### जुर्स कंट्री में छापामारी कर देह व्यापार के लिए लायी गयी तीन युवतियों को मुक्त कराया

**हरिद्वार।** ज्वालापुर कोतवाली पुलिस ने बहादराबाद रोड़ स्थित टाउनशिप जुर्स कंट्री स्थित एक फ्लैट में छापा मारकर सैक्स रैकेट का खुलासा करते हुए पश्चिम बंगाल से देह व्यापार के लिए लायी गयी तीन युवतियों को दलालों के चंगुल से मुक्त कराया है।

इस दौरान 2 दलालों व 3 ग्राहकों को गिरफ्तार किया गया। सभी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकद्मा दर्ज किया गया है। कोतवाली प्रभारी आरके सकलानी ने बताया कि पुलिस को कई दिनों से जुर्स कंट्री के एक फ्लैट में किराएदारों द्वारा सैक्स रैकेट संचालित करने के संबंध में शिकायत मिल रही थी। शनिवार को मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम के साथ फ्लैट पर छापा मारा तो वहां तीन युवतियां व दो दलाल तथा तीन ग्राहक मौजूद मिले। युवतियों को मुक्त कराने के साथ दलालों सहित पांचों युवकों को गिरफ्तार कर लिया गया।

गिरफ्तार किए गए दलालों में एक दिल्ली तथा दूसरा पश्चिम बंगाल का रहने वाला है। जबकि अन्य तीनों युवक हरिद्वार के निवासी हैं। पूछताछ में युवतियों ने बताया कि वे गरीब परिवारों से हैं और पश्चिम बंगाल से उन्हें जिस्मफरोशी के लिए लाया गया है। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि आरोपियों से पूछताछ में उन्होंने अपने नाम शुभाकर दत्त



पुत्र कन्हाई दत्त निवासी आरजेडए 16द्17 ओल्ड जनकपुरी उत्तमनगर दिल्ली, अरूण कुमार पुत्र राजकुमार निवासी श्यामनगर पिनकल घोषपाडा रोड थाना नोथा पाडा वेस्ट बंगाल, अनुज कुमार निवासी ग्राम फतोआ कोतवाली लक्सर हरिद्वार, योगेश निवासी नसीरपुर कलां बादशाहपुर थाना पथरी व अभिषेक निवासी साहपुर टांडा मजादा थाना लकसर हरिद्वार बताए।

एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि देह व्यापार जैसे अनैतिक कारोबार में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं किया जाएगा।

## घोटाले की जांच ठंडे बस्ते में

**नैनीताल।** बीडी पांडे जिला अस्पताल में हुए 22 लाख रुपए के घोटाले की जांच ठंडे बस्ते में है। छह माह बीतने के बावजूद अबतक स्वास्थ्य विभाग जांच पूरी नहीं कर पाया। जिससे अस्पताल में हुई अनियमितता मामले पर सवाल खड़े हो रहे हैं। इसी साल जून में ड. वीके पुनेरा ने बीडी पांडे अस्पताल में प्रमुख स्वास्थ्य अधीक्षक का पदभार ग्रहण किया। इसके बाद उन्होंने रिकर्ड की पड़ताल की तो अस्पताल के खाते से 22 लाख रुपए से अधिक की अनियमितता का मामला सामने आया। इसके बाद ड. पुनेरा ने इसकी जांच को लेकर आयुक्त कुमाऊं समेत निदेशक स्वास्थ्य को पत्र लिखकर जांच कराने की मांग की। लेकिन, छह माह बीत जाने के बावजूद अब तक मामले में जांच शुरू नहीं हो सकी है। जबकि प्रारंभिक अडिट रिपोर्ट में भी पता चला है, कि भुगतान में 70 फीसदी एंट्री कैश बुक में दर्ज ही नहीं की गई थी। चर्चाओं में यह भी है, कि तत्कालीन पीएमएस ड. पुनेरा ने जांच की मांग को लेकर कई बार पत्राचार किया। इसके बाद जांच तो शुरू नहीं हुई, लेकिन ड. पुनेरा को पद से हटा दिया गया। वर्तमान पीएमएस ड. एसएमएस रावत का कहना है, कि पूर्व पीएमएस की ओर से गड़बड़ी की जांच को लेकर पत्र लिखा था, जोकि शासन स्तर पर लंबित है।



# बदल रहा मौसम, जन हुआ बीमार

◆दोपहर की धूप व सुबह शाम की ठंड कर रही बीमार
◆राजकीय बेस चिकित्सालय के साथ ही निजी अस्पतालों में बढ़ी भीड़

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** दोपहर की धूप व सुबह शाम की ठंड आमजन को बीमार करने लगी है। हालत यह है कि बेस चिकित्सालय के साथ ही निजी अस्पतालों में हर रोज वायरल से पीड़ित मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। चिकित्सक मरीजों को बदलते मौसम में स्वास्थ्य को लेकर सतर्क रहने की सलाह दे रहे हैं।

पिछले कुछ सप्ताह से मौसम में लगातार परिवर्तन हो रहा है। सुबह शाम ठंड व दोपहर की धूप ने लोगों को बीमार करना शुरू कर दिया है। यही कारण है कि इन दिनों घर–घर में वायरल फीवर के मरीज देखने को मिल रहे हैं। हालत यह है कि सरकारी अस्पताल में हर रोज पहुंचने वाले चार सौ से अधिक मरीजों में से चालीस फीसद मरीज वायरल फीवर से पीड़ित हैं। बदल रहे मौसम का असर लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है।

चिकित्सालय में आने वाला हर दूसरा व्यक्ति वायर फीवर से ग्रसित है। सुबह से ही अस्पताल में पर्ची बनवाने के लिए मरीजों की लंबी लाइनें लग रही हैं। साथ ही मरीजों को घंटों ओपीडी में बाहर खड़े रहकर अपनी बारी का इंतजार करना पड़ रहा है। चिकित्सकों की मानें तो मौसम व तापमान में आ रहे बदलाव के कारण शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर हो जाती है, जिससे बुखार और बैक्टीरिया आसानी से शरीर में चले जाते हैं। ऐसे में सावधान रहकर ही बीमारी से बचा जा सकता है।

### वायरल बुखार के लक्षण

- ◆तेज बुखार आना
- ◆ठंड लगना

### यह है बचाव

- ◆ फ्रीज में रखे खाने का उपयोग न करें
- ◆सुबह शाम गर्म कपड़ों का उपयोग करें
- ◆ अधिक से अधिक पानी पिएं
- ◆ घर के आसपास पानी जमा न होने दें
- ◆बीमार होने पर तुरंत चिकित्सक की सलाह लें



बेस चिकित्सालय में उपचार के लिए पहुंचे मरीज

## 7 को होगा हॉकी टीम का चयन

**पौड़ी :** जिला क्रीड़ा अधिकारी गिरीश कुमार ने बताया कि राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर 9 से 11 नवम्बर तक महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज देहरादून में अंडर-19 बालक वर्ग की राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जनपद पौड़ी गढ़वाल की हॉकी टीम प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेगी। आगामी 7 नवंबर को प्रातः 11 बजे स्व. शशिधर भट्ट स्पोर्ट्स स्टेडियम कोटद्वार में टीम का चयन किया जायेगा। उन्होंने कहा कि चयन ट्रायल में प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों को स्थायी निवास प्रमाण पत्र, एक रंगीन पासपोर्ट साइज फोटो तथा आधार कार्ड की प्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

## संजय बनें प्रदेश मंत्री

**पौड़ी :** नई संसद भवन नामकरण समिति की बैठक में समिति की कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। समिति की कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए को संजय कुमार प्रदेश मंत्री, अनूप कुमार को जिला संयोजक बनाया गया। इस मौके पर समिति के प्रदेश संयोजक श्रीकांत ने कहा कि यह समिति पूरे भारतवर्ष में गठित की जा रही है। इस मौके पर परिसंघ युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष गौरव कुमार, उपाध्यक्ष संजय सिंह, जिलाध्यक्ष राकेश गौरशाली, मनमोहन सिंह आदि शामिल रहे।

# गोला फेंक में शिवम व नेहा रही प्रथम

## बेसिक विद्यालयों की शरद एवं शीतकालीन प्रतियोगिता का हुआ समापन



प्रतियोगिता में जीत के बाद खुशी मनाती विजेता टीम ।

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** स्व. शशिधर भट्ट राजकीय स्पोर्ट्स स्टेडियम में पिछले तीन दिनों से चल रही जनपद पौड़ी के बेसिक विद्यालयों की शरद एवं शीतकालीन क्रीड़ा प्रतियोगिता मिनी गढ़देवा का समापन हो गया है। इस दौरान गोला फेंक में शिव व नेहा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

अंतिम दिवस पर आयोजित प्रतियोगिताओं के अंतर्गत सब जूनियर वर्ग के बालकों की गोला फेंक प्रतियोगिता में दुगड्डा के शिवम प्रथम, यमकेश्वर के पवन द्वितीय एवं जयहरीखाल के विशाल तृतीय स्थान पर रहे। इसी वर्ग की बालिकाओं की गोला फेंक प्रतियोगिता में दुगड्डा की नेहा, यमकेश्वर की वंशिका एवं पोखडा की दिया क्रमशः प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रही। सब जूनियर वर्ग के बालकों की चक्का फेंक प्रतियोगिता में कल्जीखाल के शुभम ने पहला, यमकेश्वर के सुमित ने दूसरा एवं पोखड़ा के शुभम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। स्थान पर कब्जा किया। बालिका वर्ग में पाबो की साधना ने प्रथम, बीरोंखाल की कोमल ने द्वितीय एवं रिखणीखाल की सोनिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। लंबी कूद सब जूनियर बालक वर्ग में खिर्सू के नूर अहमद प्रथम, यमकेश्वर के हेमंत द्वितीय एवं पौड़ी के अंकित तृतीय स्थान पर रहे। बालिका वर्ग में खिर्सू की प्रिया ने पहला, दुगड्डा की सिमरन ने दूसरा एवं बीरोंखाल की आयुषी ने तीसरा स्थान हासिल किया। नगरनिगम महापौर हेमलता नेगी, विकास खंड दुगड्डा के उप शिक्षा अधिकारी अयाजुद्दीन व पार्षद कविता मित्तल ने विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया।

# 30 नवंबर तक सड़कों का निर्माण कार्य करें पूर्ण

## विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण ने ली अधिकारियों की बैठक



कोटद्वार में अधिकारियों की बैठक लेती विस अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण।

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण ने कोटद्वार विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत सड़क निर्माण कार्यों को लेकर लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष ने विभाग के अधिकारियों को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि 30 नवबंर तक सभी लंबित सड़क निर्माण कार्यों को पूर्ण किया जाए एवं जिन निर्माण कार्यों को प्रारंभ नहीं किया गया है उन्हें शीघ्र ही शुरू किया जाएं।

बैठक के दौरान विधानसभा अध्यक्ष ने लोक निर्माण विभाग के निर्माण कार्यों को योजनाबद्ध ढंग से तेजी के साथ संचालित कर निर्धारित समय–सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दिशा में स्वीकृत निर्माण कार्यों की निविदा प्रक्रिया पूर्ण करने सहित तत्काल कार्यादेश जारी करने और संबंधित निर्माण कार्यों को प्रारंभ किए जाने के लिए कहा। उन्होंने कहा की निर्माण कार्यों को नियमित रूप से संचालित करने के साथ ही मॉनिटरिंग कर तकनीकी मापदण्डों एवं गुणवत्ता का परिपालन किया जाये तथा नियत समय पर कार्यों को पूर्ण किया जाये। इस अवसर पर लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता डीपी सिंह, सहायक अभियंता अजीत सिंह, सहायक अभियंता दीपेंद्र रावत, सहायक अभियंता संतोष भारद्वाज मौजूद रहे।

## रंगकर्मी व समाजसेवी सम्मानित

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**श्रीनगर :** हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केन्द्रीय विवि के चौरास परिसर में आयोजित तीन दिवसीय ऐयरोसोल, एयर क्वालिटी एंड क्लाइमेट चेंज (एएसी) विषय पर अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन में रंगकर्मी विमल बहुगुणा व सामाजिक कार्यकर्ता संजय कुमार फौजी को सम्मानित किया गया।

यह सम्मान उन्हें विवि की कुलपति प्रो. अन्नपूर्णा नौटियाल व मुख्य अतिथि वैज्ञानिक डा. जगवीर सिंह के हाथों दिया गया। इस मौके पर दोनों लोगों के कार्यों की सराहना की गई। इस मौके पर डा. आलोक सागर गौतम, डा. सुरेश तिवारी, डा. सीएम शर्मा, प्रो. आरसी डिमरी, प्रो. टीसी उपाध्याय, प्रो. एससी भट्ट आदि मौजूद रहे।

# आंदोलनकारियों की अनदेखी पर जताया रोष

## उत्तराखंड क्रांति दल ने मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन



कोटद्वार में उपजिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजते आंदोलनकारी।

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार ।** पूर्व में आश्वासन के बाद आंदोलनकारियों की समस्याओं का निराकरण नहीं होने पर उत्तराखंड राज्य निर्माण सेनानी मोर्चा ने रोष व्यक्त किया है। कहा कि प्रदेश में आंदोलनकारियों की अनदेखी किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान आंदोलनकारियों ने समस्याओं के निराकरण को लेकर मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा।

आंदोलनकारियों ने उपजिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया है। ज्ञापन में कहा गया है कि उनकी मांगों पर शासनादेशों के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके अंतर्गत 7 सितंबर 2021 को जारी शासनादेश के अनुसार चिन्हीकरण के लिए आंदोलनकारियों के लंबित आवेदनों का निस्तारण 31 दिसंबर 2021 तक किया जाना था, लेकिन जिलाधिकारी पौड़ी की ओर से चयन समिति की एक भी बैठक नहीं ली गई। साथ ही 30 सितंबर 2021 को मृतक आंदोलनकारियों के आश्रितों को पेंशन जारी करने का शासनादेश जारी हुआ, लेकिन इस पर भी जिला प्रशासन पौड़ी ने कोई कार्रवाई नहीं की। साथ ही आंदोलनकारी तहसील स्तर पर पेंशन का समय से वितरण न होने से परेशानी का सामना कर रहे हैं। आंदोलनकारियों ने मांगों का राज्य स्थापना दिवस से पूर्व निस्तारण न होने पर सरकारी समारोहों का बहिष्कार करने की चेतावनी दी है। ज्ञापन प्रेषित करने वालों में मोर्चा अध्यक्ष महेंद्र सिंह रावत, सचिव हयात सिंह गुसाई, मंत्री गुलाब सिंह रावत, विनोद कुमार अग्रवाल, दुर्गा काला, हरीश बहुखंडी, विमला गुसाई और तेजेंद्र सिंह आदि थे।

## पर्यावरण को आम जनता की जागरूकता ही बचायेगी : डा. सती

**श्रीनगर :** हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि के सीनेट हाल में डॉ. आंबेडकर उत्कृष्टता केंद्र के तत्वावधान में हिमालयी क्षेत्र में जलवायु परिवर्तन के प्रभावों पर सेमिनार आयोजित किया गया। इस मौके पर मुख्य वक्ता वानिकी कॉलेज रानीचौरी टिहरी भरसार के डॉ. एसपी सती ने कहा कि जलवायु परिवर्तन का मुख्य कारण अनियंत्रित और अनियोजित विकास है। जिसके केंद्र में पर्यावरण कभी नहीं रहा। डा. सती ने कहा वर्तमान दौर में जलवायु परिवर्तन में कार्बन उत्सर्जन अत्यधिक मात्रा में योगदान दे रहा है। जिस कारण हिमालयी क्षेत्रों में जीव एवं वनस्पति जगत को नुकसान हो रहा है। इससे कई वनस्पतियां और जीवों की प्रजातियां विलुप्ति की कगार पर हैं और कई विलुप्त हो चुकी है। उन्होंने कहा पर्यावरण को आम जनता की जागरूकता ही बचा सकती है। डा. आंबेडकर उत्कृष्टता केंद्र के समन्वयक प्रो. एमएम सेमवाल ने कहा कि वर्तमान में हमें प्राकृतिक संसाधनों का प्रबंधन ऐसे करना होगा, कि उनका संरक्षण भी हो और भविष्य की जनसंख्या की मूलभूत सुविधाओं की पूर्ति भी हो सके। इस अवसर पर गढ़वाल विवि एलुमनाई एसोसिएशन के सचिव महिपाल रावत, केंद्र की उप संयोजक प्रो. सीमा धवन, पवन कुमार कोठियाल, कुलदीप रावत, डीएसडब्लू प्रो. एमएस नेगी, मुख्य नियंता प्रो. बीपी नैथानी, डा. नरेश कुमार, डॉ. महेंद्र बाबू आदि मौजूद रहे। संचालन शोध छात्रा शिवानी पांडेय ने किया।

# घायल को लेकर कोतवाली पहुंचा परिवार

## मारपीट के मामले में मुकदमा दर्ज नहीं होने पर जताया रोष





मारपीट के दौरान घायल सोमपाल को लेकर कोतवाली पहुंचे स्वजन ।

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** दो माह पूर्व व्यक्ति से मारपीट करने वाले युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज नहीं होने पर पीड़ित परिवार का गुस्सा भड़क उठा। परिवार घायल व्यक्ति को लेकर कोतवाली पहुंचे और पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग उठाई।

घटना के संबंध में पीड़ित की पत्नी ने कोतवाली में तहरीर दी। बताया कि उनका परिवार पिछले 20 वर्षों से देवी रोड स्थित जल निगम स्टोर पदमपुर शिब्बूनगर में किराए के कमरे में रह रहा है। 18 अगस्त को कुछ लोगों ने उनके पति सोमपाल के साथ मारपीट की और उन्हें घायलवस्था में कमरे के बाहर फेंक दिया। बताया कि पिछले दो माह से उनके पति का देहरादून अस्पताल में उपचार चल रहा था।

मारपीट के बाद उनके पति के पैर काम करने भी बंद कर दिए है। पूर्व में दी गई शिकायत के बाद भी पुलिस ने मारपीट करने वाले आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज नहीं किया। ऐसे में परिवार में रोष बना हुआ है। वहीं, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विजय सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर पूरे मामले की जांच की जा रही है।

## श्री श्याम मित्र मंडल समिति की ओर से आयोजित की गई भजन संध्या

# तू कृपाकर बाबा, कीर्तन करवाऊंगा..



भजन संध्या में भजनों को प्रस्तुति देते कलाकार ।

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** श्री श्याम मित्र मंडल समिति की ओर से श्री श्याम बाबा का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। बाबा के मनमोहक भजनों पर श्रद्धलु झूम उठे। इस दौरान श्रद्धलुओं ने बाबा से अपनी परिवार के लिए सुख शांति की कामना की। नजीबाबाद रोड स्थित एक बारातघर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम बाबा के जन्म दिन का केक काटा गया। तत्पश्चात आयोजित भजन संध्या में पानीपत से पधारे भजन गायक राजू हंस ने तू कृपाकर बाबा, कीर्तन करवाऊंगा.., मैं तो दीवाना हूं, तेरा दीवाना हूं.., कारोबार मेरा बालाजी चलावे.., आदि भजनों की प्रस्तुति देकर उपस्थित लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। वहीं दिल्ली से पधारी भजन गायिका देवांशी सोलंकी ने भी मोर छड़ी लहराई रे.., रंगी गुब्बारों से मंडप सजाया है.., आदि भजनों की मधुर प्रस्तुतियां दी। मेरठ से पधारे गोपाल प्रजापति द्वारा बाबा का भव्य दरबार सजाया गया। इस अवसर पर सुरेश बंसल, दिनेश एलाबादी, मंडी समिति अध्यक्ष सुमन कोटनाला, संजय मित्तल, मनोज कंसल, नीरज गुप्ता, शुभम गुप्ता, राजीव गोयल, राम प्रसाद जिंदल, डा. पवन कुमार और मनोज गोयल सहित बड़ी संख्या में धर्म प्रेमी जनता मौजूद रही।

# ग्रेटर नोएडा वेस्ट में धूमधाम से मनाया इगास पर्व



ग्रेटर नोएडा वेस्ट में इगास कार्यक्रम में मौजूद सदस्य।

**कोटद्वार :** उत्तराखंड का लोकपर्व इगास ग्रेटर नोएडा वेस्ट में वैदिक परंपरा और पहाड़ों में प्रचलित रस्मों-रिवाज के साथ मनाया गया। नोएडा एक्सटेंशन की रक्षा अडेला सोसाइटी में लक्ष्मी नारायण मंदिर में ठेड पहाड़ी अंदाज में पहाड़ी पकवान और पूजा-पाठ के विधान के साथ प्रवासी उत्तराखंडी परिवारों के साथ अन्य समाज के लोगों ने इगास का त्योहार मनाया।

बुरांस साहित्य एवं कला केंद्र और भारतीय धरोहर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में कार्यक्रम के संयोजक अनु पंत ने बताया कि उत्तराखंड के पर्वतीय इलाकों में दीपावली के ग्यारह दिन बाद इगास के पर्व को दीपक जलाकर ज्योतिपर्व मनाया जाता है। पहाड़ की परंपरा को प्रवास में मनाने की मुहिम के तहत ही यह आयोजन किया गया। कार्यक्रम के सह संयोजक जगदीश नेगी ने बताया कि गढ़वाल में इगास और कुमाऊं में देव दीवाली के दिन गोवंश की पूजा का भी प्रावधान है। वरिष्ठ पत्रकार, साहित्यकार और उत्तराखंड के इतिहास के जानकर प्रदीप कुमार वेदवाल ने इगास पर्व मनाने की परंपरा की जानकारी देते हुए कहा कि लंका विजय के बाद भगवान श्रीराम के अयोध्या लौटने का समाचार उत्तराखंड के गिरी प्रदेश में ग्यारह दिन बाद पहुंचा था इसलिए हरिबोधनी एकादशी के दिन उत्तराखंड के गिरीजन दीपक और भैले जलाकर इगास मनाते हैं। वेदवाल ने बताया कि गढ़वाल के वीर भड़ माधो सिंह भंडारी जब तिब्बत में युद्ध जीतकर आए तो फिर गढ़वाल में इगास मनाई गई। एक जनश्रुति के अनुसार कुंतीपुत्री भीम जब राक्षसवध के बाद दीपावली के बाद वापस आए तो फिर पांडवों ने दीपावली के ग्यारह दिन बाद दीपावली मनाई थी। इस अवसर पर भारती धरोहर के संपादक प्रवीण शर्मा, डॉक्टर अनामिका शर्मा, कोपल पंत, रोहित नेगी, संजय शर्मा, ओम उज्जवल सिंह, सुधांशु शर्मा, वेद प्रकाश सेनी, मनोज शर्मा आदि मौजूद थे।

# नगर व्यापार मंडल ने चलाया हस्ताक्षर अभियान



अल्मोड़ा : नगर व्यापार मंडल का तहसील कार्यालय को पुनः नगर से संचालित करने की मांग को हस्ताक्षर अभियान जारी है। शनिवार को व्यापारियों ने नगर के मालरोड में अभियान चलाया। इस दौरान व्यापारियों और स्थानीय लोगों से अभियान में जुड़ने की अपील की। अभियान के दौरान व्यापारियों ने चौघानपाटा, रीगल, शिखर तिराहा आदि स्थानों में व्यापारियों के बीच अभियान चलाया।

उन्होंने कहा कि छोटे–छोटे कार्यों के लिये लोगों को नगर से छह किमी दूर पांडेखोला की दौड़ लगानी पड़ रही है। जिससे लोगों का आर्थिक नुकसान के साथ ही समय भी बर्बाद हो रहा है। कहा कि जल्द उनकी मांगें नहीं मानी गई तो लोगों को साथ लेकर जन आंदोलन किया जाएगा। अभियान में व्यापार मंडल अध्यक्ष सुशील साह, त्रिलोचन जोशी, अमन नज्जौन, सुशील साह, प्रत्येश पांडे, कार्तिक साह, आशुतोष भट्ट, पुष्पा सती, अनीता रावत, सूरज वाणी, ऋतिक राज, विकास कन्नौजिया, भैरव गोस्वामी, नरेंद्र कुमार, विक्की, कृष्ण बहादुर, संजय अग्रवाल समेत कई व्यापारी शामिल रहे। (एजेन्सी)

## घायल आईटीबीपी जवान की इलाज के दौरान मौत

हल्द्वानी : बाइकों की भिड़ंत में घायल एक आईटीबीपी जवान की इलाज के दौरान मौत हो गई है। जवान लोहाघाट में तैनात था। पुलिस ने दूसरे बाइक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के साथ शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। बरनिया गांव मुनस्यारी निवासी कमलेश बिष्ट ने मुखानी थाने में तहरीर दी है। कहा उनका बड़ा भाई हरीश बिष्ट (29) वर्तमान में 36वीं वाहिनी आईटीबीपी लोहाघाट में तैनात था। वह छुट्टी मनाने हल्द्वानी आया था। दो नवंबर सुबह करीब छः बजे वह बाइक से मुखानी चौराहा होते हुए कालाढूंगी रोड पहुंचा। इस बीच तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें सामने से टक्कर मार दी।



## दो इनामी आरोपी पकड़े

पिथौरागढ़ : पुलिस को 25-25 हजार के दो ईनामी आरोपियों को पकड़ने में कामयाबी मिली है। शनिवार को पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक दिसंबर 2021 में कुमौड़ निवासी होशियार सिंह ने कोतवाली में तहरीर देते हुए भूपेश पुनेठा, दिगंबर पुनेठा के खिलाफ धोखाधड़ी का आरोप लगाया। दोनों आरोपी लंबे समय से फरार चल रहा थे। कोतवाल मोहन चंद्र पांडे के नेतृत्व पुलिस ने दोनों आरोपियों को नगर के महात्मा गांधी मार्ग से पकड़ा है। (एजेन्सी)

# कैबिनेट मंत्री ने भवन का किया लोकार्पण, सुनी समस्याएं



काशीपुर : प्रदेश के परिवहन एवं समाज कल्याण मंत्री ने एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के साथ ही रोडवेज बस स्टेशन का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने गजरौला इंटर कॉलेज में भवन का लोकार्पण कर जनता दरबार में लोगों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने कहा कि सरकार की पहली प्राथमिकता पात्रों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाना है। शनिवार को ग्राम महेशपुरा पहुंचे कैबिनेट मंत्री चंदन रामदास का भाजपा के पूर्व राज्य मंत्री राजेश कुमार की अगुवाई में कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। इसके बाद कैबिनेट मंत्री ने रोडवेज बस स्टेशन सहित अन्य भवनों का निरीक्षण किया। गजरौला में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान कराना भाजपा सरकार की प्राथमिकता है। कहा कि जब से उन्हें विभाग मिला है तब से उन्होंने हर पात्र तक मदद पहुंचाने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि हर पात्र को पेंशन मिल रही है। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत लगातार जनता तक पहुंच रही है। इसके बाद उन्होंने एकलव्य आवासीय विद्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने व्यवस्था ठीक नहीं मिलने पर सुधार लाने के निर्देश दिये। वहीं, भाजपा नेता राजेश कुमार ने कहा कि जनता दरबार के माध्यम से कैबिनेट मंत्री ने लोगों की समस्याएं सुनीं और कई समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण कराया। यहां विवेक सक्सेना, राकेश गुप्ता, विमल शर्मा, विकास गुप्ता, उमा जोशी, हेम कांडपाल, मोहन दिवाकर, अमित चौहान, सोनू राठौर, नरेंद्र कुमार रहे। (एजेन्सी)

## सांड के हमले में तीन लोग घायल

हल्द्वानी : लावारिस जानवर लोगों के लिए सर दर्द बने हुए हैं। शनिवार को हल्द्वानी मंडी परिसर में घूम रहे सांड ने तीन लोगों पर हमला कर दिया। इससे तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। मंडी के व्यापारियों की मदद से घायल लोगों को अस्पताल ले जाया गया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दी गई। मंडी के व्यापारियों ने बताया कि दोपहर के दो महिलाएं परिसर में पहुंची थीं। दोनों महिलाओं को सांड ने सींग से हमला कर घायल कर दिया। इसमें एक बुजुर्ग महिला के सर पर चोट लग गई। साथ ही मंडी के एक व्यापारी पर भी हमला किया। इसमें वे काफी दूर जाकर गिरे। आलू–फल आढ़ती व्यापारी एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष जीवन सिंह कार्की ने कहा कि लावारिस पशुओं का आतंक लगातार मंडी परिसर में बढ़ रहा है।

# सरकार की नाकामियों को जनता तक पहुंचाएं कार्यकर्ता : यादव

काशीपुर : कांग्रेस प्रदेश प्रभारी देवेंद्र यादव एवं प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने कार्यकर्ताओं से भाजपा सरकार की नाकामियों और कांग्रेस की नीतियों को जन–जन तक पहुंचाने की बात कही। इस दौरान उन्होंने डबल इंजन की सरकार को फेल सरकार की संज्ञा दी।

विधायक आदेश चौहान के निवास पर पहुंचे कांग्रेसी नेताओं का कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। इस दौरान कांग्रेसी नेताओं ने प्रदेश के हाईप्रोफाइल अंकिता हत्याकांड पर सवाल उठाये। उन्होंने कहा कि पुलिस अधिकारियों ने अंकिता के कमरे पर रातों–रात बुलडोजर चलाकर साक्ष्य को मिटा दिया। बुलडोजर क्यों चलाया इसका जवाब सरकार के पास नहीं है। कहा कि सरकार अंकिता के आरोपियों को बचा रही है। सरकार की कथनी और करनी में अंतर है। उन्होंने कहा एनएच–74 घोटाले के दोषी अधिकारियों को पुरस्कृत किया जा रहा है। कुमाऊं में कानून व्यवस्था ध्वस्त हो गई है। ऊधमसिंह नगर में अपराधी सक्रिय हैं।

प्रदेश प्रभारी यादव ने कहा कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा को अपार समर्थन मिल रहा है। देश में परिवर्तन की लहर चल रही है। विधायक चौहान ने भाजपा सरकार पर उनके विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यों में अनदेखी करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि किसान, व्यापारी और जनता परेशान है।

यूपी की चीनी मिलें 27 और 28 अक्तूबर को शुरू हो गई है। प्रदेश की चीनी मिलों में अब तक मरम्मत का कार्य चल रहा है। इससे गन्ना किसानों की गेहूं की बुवाई पर असर पड़ रहा है। यहां गजेंद्र चौहान, राहुल गहलोत, राजकुमार सिंह, दूल्हे खां, सर्वेश चौहान, नईम प्रधान, सुखवीर भुल्लर, शाहनवाज, शेर अली, हिमांशु, राजेंद्र बिट्ठू, अप्पू, संजय राजपूत रहे। (एजेन्सी)

## मिस्त्र रवाना हुए जन्मेजय और स्निग्धा, अंतरराष्ट्रीय सेमीनार में लेगें भाग

अल्मोड़ा : उपपा के केंद्रीय अध्यक्ष पीसी तिवारी के पुत्र जन्मेजय तिवारी और पुत्री स्निग्धा तिवारी जलवायु परिवर्तन पर होने वाले अंतरराष्ट्रीय सेमीनार में भाग लेने मिश्र रवाना हुए। पीसी तिवारी ने बताया कि मिश्र के शर्म अल शेख में छह से 18 नवंबर तक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन कॉप–27 होने वाला है। दोनों भाई बहन संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क ऑफ क्लाइमेट चेंज कॉन्फ्रेंस की ओर से होने वाले सम्मेलन में भाग लेंगे। ये सम्मेलन ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन पर दुनिया की सरकारों और नागरिक समाज की चिंताओं पर विचार–विमर्श का सर्वोच्च मंच है। शर्म अल शेख रवाना होने से पहले इन युवाओं ने कहा कि सम्मेलन के दौरान भारत और दुनिया के अन्य क्षेत्रों से सम्मेलन में पहुंचने वाले युवाओं के साथ मिलकर इस वैश्विक समस्या के हल की दिशा में आगे बढ़ने के लिए एकजुटता से प्रयास करेंगे। जन्मेजय ने कहा कि सामाजिक विकास पर्यावरणीय न्याय, सामाजिक न्याय के बिना पूरा नहीं हो सकता। इसके लिए सरकारों के साथ समुदायों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए सार्थक प्रयास जरूरी हैं। इन युवाओं ने कहा कि इस सम्मेलन में भारत जैसे विकासशील देशों की समस्याओं को भी सामने लाने का प्रयास करेंगे। दोनों भाई–बहन पिछले साल आयरलैंड के ग्लासगों में हुए कॉप–26 में भी भागीदारी कर चुके हैं। (एजेन्सी)

# हाथियों ने मचाया आबादी क्षेत्र में उत्पात, ग्रामीणों में अफरा-तफरी



हल्द्वानी : धापला गांव में शनिवार रात हाथियों के झुंड ने जमकर उत्पात मचाया। झुंड के आबादी क्षेत्र में घुसते ही ग्रामीणों में भगदड़ सी मच गई। ग्रामीणों ने किसी तरह भाग कर अपनी जान बचाई। वहीं हाथियों के आतंक से निजात दिलाने को ग्राम प्रधान ने वन विभाग से गांव में चारों ओर चार दिवारी बनाने की मांग की है। शनिवार रात धापला गांव में हाथियों के झुंड ने जमकर तांडव मचाया। लोग जान बचाने को घरों से निकलकर इधर–उधर भागने लगे। हाथियों के झुंड ने गांव में जहां खड़ी फसल रौंद डाली वहीं कई ग्रामीणों के घरों में तोड़फोड़ कर सामान इधर–उधर फेंक दिया। झुंड ने एक बाइक भी तोड़ डाली। ग्रामीण पीतांबर, नीरज किरौला, आनंद सिंह आदि के घरों में झुंड ने जमकर तोड़फोड़ की। धापला प्रधान दया नंद आर्य ने वन विभाग अधिकारियों को घटना की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इससे पहले भी हाथी कई बार गांव में तोड़फोड़ कर चुके हैं। प्रधान आर्य व ग्रामीणों ने वन विभाग से गांव के चारों ओर चार दिवारी बनाने की मांग की। (एजेन्सी)

## दो युवक चाकूओं संग गिरफ्तार

काशीपुर : कोतवाली पुलिस ने रात्रि गश्त और चेकिंग के दौरान चोरी की योजना बनाते दो युवकों को चाकूओं के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने दोनों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। शुक्रवार को एसआई नवीन बुधानी ने टीम के साथ रात्रि गश्त और चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने नौगजा मजार को जाने वाले रास्ते पर झाड़ियों के पास से दो युवकों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उनके कब्जे से एक–एक चाकू बरामद किये। पूछताछ में युवकों ने अपना नाम शेर मोहम्मद उर्फ शेरा पुत्र सरताज निवासी विजयनगर नई बस्ती और अजीम अली पुत्र नफीस अहमद निवासी मोहल्ला मनिहारान थाना ठाकुरद्वारा जिला मुरादाबाद बताया। दोनों आरोपी चोरी की योजना बना रहे थे। पुलिस ने उसके खिलाफ 4/25 आर्म्स एक्ट तथा 401 के तहत केस दर्ज कर चालान कर दिया है। (एजेन्सी)

## व्यापारी की लाठी-डंडे से पीटकर हत्या, आरोपी गिरफ्तार



पिथौरागढ़ : क्षेत्र में एक व्यापारी की हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है। एक व्यक्ति ने व्यापारी को लाठी-डंडे से पीटकर मौत के घाट उतार दिया। राजस्व पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। सानदेव घोरपट्टा में शुक्रवार देर शाम ननपांपो निवासी प्रहलाद सिंह (55)पुत्र धनराज सिंह और सोहन लाल के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि विवाद गहराने पर सोहन ने पास में पड़े डंडे से प्रहलाद पर ताबडतोड़ हमला कर दिया। बीच बचाव करने पहुंची प्रहलाद की पत्नी कलावती देवी के सिर, पीठ, हाथ-पैर में गंभीर चोट आई है। बाद में स्थानीय लोग गंभीर अवस्था में प्रहलाद को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। यहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के भाई महिपाल सिंह की तहरीर पर राजस्व पुलिस ने आरोपी सोहन को हिरासत में लिया है। बताया जा रहा है कि सोहन मानसिक तौर पर अस्वस्थ्य है। मृतक प्रहलाद नगर से करीब पांच किमी. दूर सानदेव घोरपट्टा में होटल व राशन की दुकान का संचालक का कार्य करता था। शनिवार को मृतक का पोस्टमार्टम हुआ। (एजेन्सी)

# गोल्डन कार्ड के नाम पर हो रही अवैधानिक कटौती से पेंशनर्स में आक्रोश

अल्मोड़ा : पेंशन से गोल्डन कार्ड के नाम पर हो रही अवैधानिक कटौती से पेंशनर्स में भारी रोष है।

आक्रोशित पेंशनर्स ने शनिवार को गवर्नमेंट पेंशनर्स वेलफेयर आर्गेनाइजेशन के बैनर तले अल्मोड़ा के गांधी पार्क में धरना प्रदर्शन किया। सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। पेंशनर्स की समस्याओं के निराकरण के लिए स्थानीय विधायक मनोज तिवारी के माध्यम से सीएम को ज्ञापन भेजा। जल्द मांग पूरी नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। पालिकाध्यक्ष प्रकाश चंद्र जोशी, गवर्नमेंट पेंशनर्स वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन के अध्यक्ष गिरीश चंद्र तिवारी, महासचिव हेम चंद्र जोशी, नवीन लाल साह, डॉ. जगदीश चंद्र दुर्गापाल, गोकुल सिंह रावत, किशन चंद्र जोशी, गिरीश चंद्र जोशी, दीवान सिंह नयाल, सुंदर लाल चौधरी, हरीश चंद्र जोशी, पीसी तिवारी, मोहन चंद्र, पुष्पा कैड़ा, बलवंत सिंह मेहरा, केसी भट्ट, चंद्रकांत जोशी, चंद्रमणी भट्ट, भैरव उपाध्याय, प्रताप सिंह सत्याल, गोकुल सिंह रावत किशन चंद जोशी, दीवान सिंह नयाल, दिनेश चंद, दीपक जोशी, कैलाश चंद्र जोशी, एमसी कांडपाल, आनंद सिंह ऐरी, गौरीदत्त भट्ट, पीसी तिवारी, लक्ष्मण सिंह एठानी, पीएस बोरा आदि मौजूद रहे। (एजेन्सी)

## आरोपी गिरफ्तार

काशीपुर : पुलिस ने नाबालिग को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के आरोपी को नौ महीने बाद गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट की धारा भी बढ़ाई है। पुलिस के मुताबिक 26 जनवरी 2022 को मोहल्ला किला निवासी एक युवक ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि उसकी नाबालिक पुत्री को मुरादाबाद के थाना भोजपुर के पीपलसाना निवासी अनस पुत्र सफी अहमद बहला फुसलाकर भगा ले गया है।

## गुलदार के आंतक से लोग दहशत में



पिथौरागढ़ : सैलाबन में लोग गुलदार के आतंक से परेशान हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि रात तो रात गुलदार दिन में भी आबादी के करीब पहुंच रहा है। इससे लोग डरे हुए हैं। ग्रामीणों की सूचना के बाद वन विभाग ने भी गांव पहुंचकर गस्त की। शनिवार को वनक्षेत्राधिकारी चंदा मेहरा के निर्देशन में टीम सैलाबन पहुंची। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र में गस्त की, लेकिन गुलदार नहीं दिखाई दिया। उन्होंने खतरे को देखते हुए लोगों से सतर्कता बरतने को कहा है।टीम में रोहित तिवारी, नवीन भट्ट शामिल रहे। (एजेन्सी)

# उच्चाधिकारियों से लाइन को शिफ्ट करने पर विचार–विमर्श किया



किच्छा। सरकार ने खुरपिया फार्म में सैटेलाइट एम्स के निर्माण की तैयारियां शुरू कर दी हैं। एम्स के टेंडर अपलोड कर दिए गए हैं। एम्स की टेक्निकल टीम ने खुरपिया पहुंचकर प्रस्तावित भूमि के ऊपर से निकल रही हाईटेंशन लाइन के तारों के बाधक बनने पर एसडीएम व ऊर्जा निगम के उच्चाधिकारियों से लाइन को शिफ्ट करने पर विचार–विमर्श किया।

बता दें कि खुरपिया फार्म की सौ एकड़ सरकारी भूमि पर पांच सौ करोड़ रुपये की लागत से सैटेलाइट एम्स का निर्माण प्रस्तावित है। इसके लिए राजस्व विभाग भूमि एम्स के नाम ट्रांसफर कर चुका है। शनिवार को ऋषिकेष एम्स के सुपरिंटेंडेंट इंजीनियर अजय कुमार और असिस्टेंट इंजीनियर विपुल कुमार टीम के साथ खुरपिया फार्म पहुंचे। उन्होंने एसडीएम कौस्तुभ मिश्रा व ऊर्जा निगम के अधिशासी अभियंता अमित आनंद से प्रस्तावित भूमि के ऊपर से निकल रही हाईटेंशन लाइन के तारों को शिफ्ट करने पर विचार–विमर्श किया। सुपरिंटेंडेंट इंजीनियर अजय कुमार ने बताया कि एम्स निर्माण के लिए टेंडर अपलोड किए जा चुके हैं। इसके पश्चात एम्स का निर्माण शीघ्र शुरू हो जाएगा। प्रस्तावित भूमि के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन को शिफ्ट करना है। इस दौरान पिटकुल के अधिशासी अभियंता पंकज कुमार और राजस्व विभाग से उपनिरीक्षक दीपक कुमार मौजूद रहे।

# सरेंडर अवधि बढ़ाने का जीओ जारी करने की मांग की

हल्द्वानी : गौला के सरेंडर डंपरों की अवधि बढ़ाने का परिवहन मंत्री का आदेश दो हफ्ते बाद भी लागू नहीं हो पाया है। आदेश लागू नहीं होने से डंपर मालिकों में रोष है। गौला–नंधौर नदीं में खनन के लिए रजिस्टर डंपरों के मालिक नदियों के बंद होने पर अपने डंपरों के डाक्यूमेंट को आरटीओ कार्यालय में सरेंडर कर देते हैं।

ताकि इस दौरान का इंश्योरेंस, टैक्स आदि में लगने वाला रुपये की बचत हो जाए, लेकिन गौला व नंधौर के समय से नहीं खुलने के चलते डंपर मालिक सरेंडर की अवधि बढ़ाने की मांग कर रहे थे। डंपर मालिकों की मांगों को मानते हुए परिवहन मंत्री ने मामले में 19 अक्तूबर को आदेश जारी कर दिए गए थे।

लेकिन यह आदेश अभी तक लागू नहीं हुए हैं। विरोध में गौला खनन संघर्ष समिति शीशमहल गेट में प्रदर्शन कर चुकी है। मामले में डंपर एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज मठपाल ने कहा कि करीब 15 दिन बाद भी आदेश लागू नहीं हुए है, जिससे डंपर कारोबारी परेशान हैं। रायल्टी कम करने की मांग उठा रहे डंपर कारोबारियों ने सरेंडर अवधि बढ़ाने का जीओ जारी करने की मांग की है। (एजेन्सी)


## डंपर की चपेट में आने से महिला की मौत

काशीपुर : सड़क किनारे पति और पुत्र से बातचीत कर रही महिला की डंपर की चपेट में आकर मौत हो गई। जबकि पिता–पुत्र गंभीर रूप घायल हो गये। गंभीर घायलों को इलाज के लिये एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शनिवार को बुढ़ानपुर, अलीगंज जिला मुरादाबाद निवासी गीता (45) अपने बेटे विकास के साथ बाइक से कुंडेश्वरी निवासी बेटी के पास मरीज को देखने आ रहे थे। पैगा चौकी के पास गीता के पति नरेश खड़े थे। इस पर तीनों सड़क किनारे खड़े हो बातचीत करने लगे। पहले एक बाइक ने उन्हें टक्कर मारी। इसके बाद काशीपुर की ओर से आ रहे डंपर ने उन्हें चपेट में ले लिया। हादसे में गीता की मौत हो गई। जबकि विकास और नरेश गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों को इलाज के लिये मुरादाबाद रोड स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## अल्मोड़ा से लापता युवती जयपुर से बरामद

अल्मोड़ा : गुमशुदा युवती को पुलिस ने राजस्थान के जयपुर से बरामद कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया। 29 अक्तूबर को युवती गुमशुदा चल रही थी। थानाप्रभारी राजेन्द्र सिंह बिष्ट ने बताया कि एक महिला ने द्वाराहाट थाने में 29 अक्टूबर को सूचना दी कि उसकी 18 साल की बेटी बिना बताए घर से चली गई है। इसके बाद थाने में गुमशुदगी दर्ज कराते हुए गुमशुदा की तलाश के लिए उपनिरीक्षक राजेंद्र कुमार के नेतृत्व में एक पुलिस टीम का गठन किया।

# निगम कर्मियों से यूजर चार्ज वसूलना भारी पड़ रहा



हल्द्वानी : नगर निगम हल्द्वानी–काठगोदाम क्षेत्र में महिला स्वयं सहायता समूह यूजर चार्ज का कलेक्शन कर रहे हैं, लेकिन निगम को अपने ही कर्मियों से शुल्क वसूलना भारी पड़ रहा है। शनिवार को कुछ वार्डों से महिला समूहों की सदस्य महिलाओं से निगम कर्मी होने की बात करते हुए कुछ लोगों ने यूजर चार्ज देने से मना कर दिया।

इस पर समूहों द्वारा निगम अधिकारियों से शिकायत की गई है। निगम अधिकारियों ने सभी लोगों से यूजर चार्ज का भुगतान करने की अपील की है। वहीं नगर आयुक्त पंकज उपाध्याय ने कहा है कि शहर के लोग यूजर चार्ज सिर्फ बैणी सेना की सदस्य महिलाओं को ही दें। बताया सभी सदस्यों को परिचय पत्र जारी किए गए हैं। इधर, शनिवार को नगर आयुक्त ने बैणी सेना के लिए आदेश जारी किया है।

कहा है कि सोमवार को वार्ड 1 से 30 तक में काम कर रहे समूह को सुबह 10 से 12 बजे तक कैश जमा कराना होगा। उसके बाद 12 बजे समूहों की समीक्षा बैठक होगी। जबकि वार्ड 31 से 58 तक के समूह दोपहर 12 से 2 बजे तक कैश जमा करेंगे और दो बजे से उनकी समीक्षा बैठक होगी। (एजेन्सी)

# लोकपर्व इगास पर पौड़ी के रामलीला मैदान में भैला खेलने उमड़े लोग

## स्थानीय लोकपर्व इगास का आयोजन कर जिलाधिकारी पौड़ी ने की अनोखी शुरूआत वैश्वीकरण की बहार में लोग अपनी स्थानीय संस्कृति को भूल रहे



पौड़ी के रामलीला मैदान में लोकपर्व इगास पर भैला खेलते हुए डीएम और एसएसपी।



लोकगायक गजेन्द्र राणा के गीत पर झूमते हुए महिलाएं।

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने उत्तराखंड के प्रसिद्व लोकपर्व इगास का रामलीला मैदान पौड़ी में आयोजन करके स्थानीय लोक संस्कृति के संरक्षण में बड़ा कदम उठाया। कार्यक्रम में उत्तराखंड के प्रसिद्व लोक कलाकार गजेंद्र राणा ने भी अपने गीतों की शानदार प्रस्तुति देकर लोगों को झूमने पर मजबूर किया। स्थानीय महिला मंगल दल की टीम द्वारा इगास गीत, वीर माधो सिंह भंडारी के इगास गीत गाकर लोक पर्व में चार चांद लगाए। स्थानीय लोक संस्कृति और त्यौहार को जीवंत होते देख सभी लोगों ने जिलाधिकारी और उनकी टीम की सराहना करते हुए कहा कि जिस तरह से आज जनपद पौड़ी से लोक संस्कृति को बचाने की अनुठी मुहिम शुरू हुई है। इससे स्थानीय संस्कृति के शुभचिंतकों, स्थानीय निवासियों और पहाड़ की संस्कृति से प्यार जताने वालों को आशा जगी है कि अब स्थानीय संस्कृति के दिन फिर से बहुरने वाले हैं। संस्कृति के संरक्षण के लिए इस तरह के प्रयास आगे भी निरंतर होते रहने चाहिए।

इगास पर्व कार्यक्रम का शुभांरभ करते हुए जिलाधिकारी ने बताया कि वर्तमान समय में वैश्वीकरण की बहार में लोग अपनी स्थानीय संस्कृति को भूलते-बिसरते जा रहे हैं। जबकि हमें अपनी स्थानीय संस्कृति की अच्छी चीजों को देश-दुनिया के सामने लाना चाहिए। इससे एक ओर तो लोग हमारी संस्कृति से रूबरू होंगे दूसरा लोग जब हमारे क्षेत्र में पर्यटन भ्रमण पर आयेंगे या हमारे स्थानीय उत्पाद–व्यंजकों को अपनायेंगे तो इससे हमारी आर्थिकी भी मजबूत होगी। इसलिए लोगों को अपनी मूल जड़ो से जुड़े रहना चाहिए। वैश्वीकरण के दौर में अपनी संस्कृति के बलबूते जितना बेहतर हम हासिल कर सकते है उस दिशा में सकारात्मक पहल करती रहनी चाहिए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्वेता चौबे ने अपने संबोधन में कहा कि इगास पर्व को लेकर लोगों में जो उत्साह और उमंग है वह देखने लायक है। जिलाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्वेता चौबे सहित जनपद स्तरीय विभिन्न अधिकारियों, कार्मिकों के साथ-साथ मीडिया प्रतिनिधियों, व्यापार मंडल के सदस्यों, महिला मंगल दलों, लोक संस्कृति से सीधे जुड़े हुए स्थानीय कलाकारों, बच्चों, बुजुर्गों सहित स्थानीय जनमानस सभी ने जनपद में पहली बार आयोजित किये जा रहे इगास लोकपर्व में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी पुष्पेंद्र सिंह चौहान, मुख्य कोषाधिकारी गिरीश कुमार, मुख्य शिक्षाधिकारी डॉ. आंनद भारद्वाज, अर्थ एवं संख्याधिकारी राम सलोने, जिला क्रीड़ा अधिकारी गिरीश कुमार, व्यापार मंडल उपाध्यक्ष कुलदीप गुसांई, मंहिला मंगल दल अध्यक्ष कमला रावत, सरिता नेगी सहित अन्य अधिकारी, कार्मिक व स्थानीय लोग उपस्थित थे।

# डीएम व एसएसपी ने अंकिता के परिजनों को दिया हर संभव मदद का भरोसा

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्वेता चौबे ने शनिवार को स्व. अंकिता भंडारी के गांव पहुंचकर उनके माता-पिता से मुलाकात कर सांत्वना दी।



डीएम डॉ. आशीष चौहान व एसएसपी श्वेता चौबे अंकिता भंडारी के परिजनों से वार्ता करते हुए।

जिलाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने अंकिता के परिजनों को अपना संपर्क नम्बर देते हुए कहा कि किसी भी समय किसी भी प्रकार की समस्या या परेशानी हो तो बिना झिझके इन नम्बरों पर संपर्क कर सकते। कहा कि इस दुःख की घड़ी में जनपद का राजस्व व पुलिस प्रशासन अंकिता के परिजनों के साथ है। किसी भी शिकायत या समस्या का हर संभव समाधान निकाला जा सकेगा। जिलाधिकारी ने अंकिता के पिता से कहा कि उनका बेटा अजय को सीए की पढ़ाई में अड़चने ना आने पाए इस हेतु डीएम व एसएसपी स्वयं भी उनसे संपर्क करते रहेंगे। अंकिता के परिजनों ने जिलाधिकारी व एसएसपी को पूरी व्यथा सुनाई, जिस पर एसएसपी ने कहा कि एक बार गुजरे हुए समय को वापस नहीं लाया जा सकता है इसलिए परिजनों को हिम्मत से काम लेकर समाज में आगे बढ़ना होगा। कहा कि पुलिस प्रशासन द्वारा हर संभव मदद व सहयोग निरंतर दिया जाता रहेगा।

## भगवान की भक्ति करें और पाल्यों को अच्छे संस्कार दें

**जयन्त प्रतिनिधि।**

श्रीनगर : बडियारगढ़ के दालढुंग में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में व्यास सुरेंद्र प्रसाद कोठियाल ने कहा कि भक्तों की पुकार सुनते ही भगवान दौड़ कर चले आते हैं। यह पुकार हृदयस्थल के तल की गहराइयों से निकली होनी जरूरी है। उन्होंने कहा कि श्रद्धा और विश्वास से ही प्रभु का स्पर्श मिल सकता है। कृष्ण-सुदामा की कथा के प्रसंग को सुनाते हुए वह कहते हैं कि सुदामा का श्रीकृष्ण के प्रति मन से पूर्ण श्रद्धा और विश्वास था। अभावों में रहते हुए भी उन्होंने भक्ति भाव का परित्याग नहीं किया। उन्होंने कथा श्रवण करने पहुंचे श्रद्धालुओं को भगवान की भक्ति करने एवं अपने पाल्यों को अच्छे संस्कार देने के लिए प्रेरित किया।

# मुकेश बड़थ्वाल बने उक्रांद संगठनिक जिलाध्यक्ष



उक्रांद की ओर से आयोजित बैठक में मौजूद सदस्य

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वारः उत्तराखंड क्रांति दल की ओर से मुकेश बड़थ्वाल को कोटद्वार संगठनिक जिलाध्यक्ष पद पर निर्विरोध निर्वाचित किया गया है। इस दौरान सदस्यों ने संगठन की मजबूती के लिए कार्य करने का संकल्प लिया।

आयोजित चुनाव प्रक्रिया के दौरान महेंद्र सिंह रावत द्वारा मुकेश बड़थ्वाल का नाम प्रस्तावित किया गया। बैठक में निर्विरोध मुकेश बड़थ्वाल के नाम पर मोहर लगाई गई। इस दौरान सदस्यों ने संगठन की मजबूती को लेकर कार्य करने का संकल्प लिया। कहा कि प्रदेश के बेहतर विकास के लिए कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर कार्य करना होगा।

इस मौके पर संतोष भट्ट, वीपी भट्ट, प्रमोद काला, गगनदीप नेगी, राजेंद्र सिंह, विनय भट्ट, गब्बर सिंह, विनय रावत, मुकेश चंद्र, मनोज रावत, सर्वेश काला, रामप्रकाश डोबरियाल आदि मौजूद रहे।

# नवनियुक्त एसपी विशाखा अशोक भदाणे ने कार्यभार ग्रहण किया

रुद्रप्रयाग : रुद्रप्रयाग जनपद की नव नियुक्त पुलिस अधीक्षक विशाखा अशोक भदाणे ने कार्यभार ग्रहण कर लिया है। इस दौरान उन्होंने पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों की बैठक ली और फिर प्रेस से वार्ता कर अपनी प्राथमिकताएं बताईं।

एसपी ने कहा कि आगामी वर्ष होने वाली केदारनाथ यात्रा के बेहतर संचालन के लिए अभी से कार्ययोजना बनाई जाएगी जबकि साइबर क्राइम पर नियंत्रण के लिए विशेष कार्य होंगे। शीतकाल में यहां आने वाले पर्यटकों की सुरक्षा के लिए पुलिस मुस्तैद रहेगी। पुलिस सभागार में पत्रकारों से वार्ता के दौरान (2018 बैच की आईपीएस) नव नियुक्त पुलिस अधीक्षक विशाखा अशोक भदाणे ने कहा कि केदारनाथ यात्राकाल हो या फिर शीतकाल में सुरक्षा पुलिस के लिए चुनौती रहती है। शीतकाल में केदारधाम में पीएसी और गार्द तैनात रहेगी जो मंदिर और धाम की सुरक्षा व्यवस्था देखेगी। उन्होंने कहा कि शीतकाल में यहां आने वाले पर्यटकों की सुरक्षा के लिए भी पुलिस बेहतर कार्य करेगी। इसके लिए यातायात के साथ ही टूरिस्ट पुलिस को और सक्रिय किया जाएगा। एसपी ने कहा कि साइबर फ्रॉड को रोकने के लिए पुलिस विशेष कार्य करेगी। एसएचओ क्राइम को एक्टिव किया जाएगा। साथ ही इसके लिए निरंतर निगरानी रखी जाएगी। एसपी ने कहा कि शीतकाल में समाज के विभिन्न लोगों से बेहतर व्यवस्थाओं के लिए समय–समय पर बैठकें की जाएंगी और उनसे जरूरी सुझाव भी लिए जाएंगे। इससे पहले नव नियुक्त पुलिस अधीक्षक ने पुलिस अफसरों के साथ ही कार्मिकों की बैठक ली। साथ ही पुलिस विभाग का निरीक्षण कर अनेक जानकारियां ली। पुलिस अधीक्षक रुद्रप्रयाग से पूर्व विशाखा भदाणे हरिद्वार में एएसपी भी रह चुकी हैं। इस दौरान पुलिस उपाधीक्षक ऑपरेशन हर्षवर्द्धनी सुमन, पुलिस उपाधीक्षक विमल रावत, आशुलिपिक नरेंद्र सिंह आदि मौजूद थे। (एजेन्सी)

## राज्य आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता आज से

चमोली : खेल विभाग चमोली की ओर से राज्य स्थापना दिवस पर 6 से 9 नवम्बर तक बालक ओपन वर्ग की राज्य आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता स्पोर्ट्स स्टेडियम गोपेश्वर में आयोजित की जायेगी। जिला क्रीड़ा अधिकारी ने बताया इस प्रतियोगिता में फुटबॉल छात्रावास देहरादून, हल्द्वानी, डीएफए चमोली, टिहरी, उत्तरकाशी, कोटद्वार, हरिसिंह फुटबॉल क्लब गौचर, हरिद्वार, पौड़ी, रुद्रप्रयाग, बागेश्वर, अल्मोड़ा, चम्पावत, पिथौरागढ़ तथा ऊधमसिंह नगर की फुटबॉल टीमें प्रतिभाग करेंगी। प्रतियोगिता नॉक आउट कम लीग पद्धति से खेली जायेगी। विजेता एवं उपविजेता टीमों को खेल विभाग द्वारा आकर्षक पुरस्कार प्रदान किये जाएंगे। (एजेन्सी)

# गुजरात पुल दुर्घटना के बाद जिला प्रशासन अलर्ट

## क्षतिग्रस्त पुलों व सड़कों के चिन्हिकरण हेतु समिति गठित

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : हाल ही में गुजरात में हुई पुल दुर्घटना का संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी ने बड़खोलू पुल की स्थिति को लेकर अधीक्षण अभियन्ता लोनिवि को निर्देश दिये यदि पुल आवागमन हेतु मानकों के अनुरुप सही नहीं पाया जाता है तो इस पुल पर आवागमन को रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाये जायें। वहीं लक्ष्मण झूला पुल के ट्रेफिक के रेगुलेशन व प्रतिबंधित करने के लिए पुलिस व राजस्व विभाग के अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिये हैं। जिलाधिकारी ने लोनिवि व पीएमजीएसवाई के अधिकारियों की एक संयुक्त समिति बनाकर क्षतिग्रस्त सड़कों व पुलों का चिन्हिकरण करते हुए तेजी के साथ प्रस्ताव तैयार करने को कहा, ताकि इन परिसम्पतियों की एसडीएमएफ के तहत मरम्मत की जा सके।

शनिवार को जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने जिला कार्यालय सभागार में सड़क निर्माण कार्यों से जुड़े विभागों लोक निर्माण विभाग व प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना विभाग की समीक्षा की। निर्मित मोटर मार्गों के स्थानान्तरण की धीमी कार्यवाही पर जिलाधिकारी ने पीएमजीएसवाई श्रीनगर व कोटद्वार के अधिकारियों को चेताया कि शनिवार सांय 8 बजे तक कम से कम 3 सड़के लोनिवि के स्थानान्तरित करें। जिलाधिकारी ने बड़खोलू पुल की स्थिति का संज्ञान लेते हुए अधीक्षण अभियन्ता लोनिवि को निर्देश दिये कि यदि पुल स्थिति जर्जर पायी जाती है तो पुल पर आवागमन को सख्ती से रोका जाय।

बैठक में पीएमजीएसवाई के अधिकारियों ने बताया कि उनकी 51 सड़कों में से 22 सड़कों व 1 पुल का लोनिवि को स्थानान्तरण किया जा चुका है जबकि 29 सड़कों को स्थानान्तरित किया जाना शेष है। अधीक्षण अभियन्ता लोनिवि ने बताया कि वर्षा काल से पूर्व विभाग द्वारा 5 करोड़ 60 लाख की लागत से 373.55 किमी. सड़कों को गढ्ढा मुक्त कर शतप्रतिशत वित्तीय व भौतिक प्रगति प्राप्त की गयी है जबकि वर्षा काल के बाद 316.95 किमी. सड़कों को गढ्ढा मुक्त कर शतप्रतिशत भौतिक उपलब्धि हासिल की जा चुकी है। 1 करोड़ 75 लाख रुपये का भुगतान शेष है।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अपूर्वा पाण्डे, अधीक्षण अभियन्ता लोनिवि प्रल्हा्द सिंह, ईई लोनिवि पीएस ब्रिजवाल, केएस नेगी, ईई पीएमजीएसवाई एमएस यादव सहित लानिवि व पीएमजीएसवाई के अन्य अधिशासी अभियन्ता उपस्थित थे।

# मंदाकिनी शरदोत्सव की तैयारियां जोरों पर

रुद्रप्रयाग : पांच दिवसीय मंदाकिनी शरदोत्सव एवं कृषि औद्योगिक मेले को लेकर मेला समिति तैयारियों में जुट गई है। मेले में लोक गायकों के साथ ही स्थानीय कलाकार अपनी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देंगे, जबकि चरखी, मौत का कुंआ, सर्कस आदि आकर्षण का केन्द्र रहेंगे।

बीते सालों की तरह इस वर्ष भी राज्य स्थापना के मौके पर सात नवम्बर से शुरू होने वाले मंदाकिनी शरदोत्सव एवं कृषि औद्योगिक विकास मेले की तैयारियां अंतिम चरण में है। मेले का शुभारंभ प्रदेश की कैबिनेट मंत्री रेखा आर्य के हाथों किया जाएगा। जबकि मेले का समापन अवसर पर प्रदेश के सीएम पुष्कर सिंह धामी के हाथों होगा। मेला 7 नवम्बर से शुरू होकर 11 नवम्बर तक चलेगा। मेले में विभिन्न सरकारी विभागों द्वारा स्टाल प्रदर्शनी एवं स्वयं सहायता समूह के माध्यमों से उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। मेले के दौरान जहां दिन में जहां स्कूली छात्रों की ओर से रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। वहीं रात्रि को गढ़ रत्न नरेन्द्र सिंह नेगी, संगीता ढौंडियाल, करिश्मा शाह, रूहान भारद्वाज, सौरभ मैठाणी की टीम की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। इसके अलावा में मेले में चरखी, मौत का कुंआ, सर्कस समेत कई आकर्षण झलकियां रहेंगी। स्थानीय कलाकार विजय चमोला, अनिल कोठियाल, सुमन रौथण, आरती गुंसाई, विक्रम कप्रवान, कृष्णानंद नौटियाल समेत वीरागंना संगठन की ओर कार्यक्रम एवं नृत्य नाटिका की प्रस्तुति दी जाएगी। मेला अध्यक्ष अरूणा बेंजवाल ने बताया कि पांच दिवसीय मंदाकिनी शरदोत्सव मेले को लेकर मेला समिति तैयारियां में जुटी है। मेले में स्थानीय स्कूली बच्चों के साथ ही लोक गायक अपने कार्यक्रमों की प्रस्तुति देंगे। मेले को लेकर सभी को निमंत्रण भेजा जा चुका है। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों को मेले में पहुंचने का आह्वान किया है। (एजेन्सी)

## खेल विभाग ने पूरी की विकास मेले की तैयारियां

**जयन्त प्रतिनिधि।**

रूद्रप्रयाग : जिलाधिकारी मयूर दीक्षित द्वारा अगस्त्यमुनि में सोमवार 7 नवंबर से आयोजित होने वाले मंदाकिनी शरदोत्सव एवं कृषि औद्योगिक विकास मेले में युवा कल्याण विभाग को प्रशासनिक सहभागिता, खेल कार्यक्रम व महिला एवं मंगल दलों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम किए जाने हेतु निर्देशित किया गया है। जिलाधिकारी के निर्देशों के अनुपालन में युवा कल्याण विभाग द्वारा आवश्यक तैयारियां कर ली गई हैं।

जिला युवा कल्याण व प्रांतीय रक्षक दल अधिकारी वरद जोशी ने बताया कि जनपद स्तरीय युवा महोत्सव कार्यक्रम के सफल आयोजन संबंधी समस्त व्यवस्थाओं के लिए क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी मनोज बजरियाल को नोडल नामित किया गया है। उन्होंने बताया कि युवा महोत्सव हेतु 9 नवंबर को निर्धारित विधाओं में लोकगीत, लोकनृत्य, एकांकी नाटक, शास्त्रीय गायन व वादन, मृदगम तबला, शास्त्रीय नृत्य आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। उन्होंने नामित नोडल अधिकारी को ससमय सभी तैयारियां करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि विभागीय स्तर पर आयोजित होने वाली विधाओं हेतु सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।

## छात्रों ने ली गंगा को स्वच्छ बनाने की शपथ

नई टिहरी : राष्ट्रीय स्वच्छता गंगा मिशन और जल शक्ति मंत्रालय की ओर से घनसाली में गंगा उत्सव मनाया गया। इस मौके पर नगर पंचायत व राजकीय महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने नदी तट पर सफाई अभियान चलाते हुए स्वच्छता की शपथ ली। राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन, जल शक्ति मंत्रालय व राज्य परियोजना प्रबंधन ग्रुप, नमामि गंगे उत्तराखण्ड के तत्वावधान में बालगंगा महाविद्यालय व नगर पंचायत घनसाली की ओर से घनसाली घाट, भिलंगना व नैलचामी नेलचामी नदी के संगम पर गंगा उत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं व नगर पंचायत घनसाली की ओर से गंगा को स्वच्छ, निर्मल बनाने के लिए भिलंगना तट पर साफ सफाई की।

# रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों व पुरस्कार वितरण के साथ महोत्सव सम्पन्न



रुद्रप्रयाग : पांच दिवसीय तल्लानागपुर औद्योगिक विकास कृषि एवं पर्यटन महोत्सव का रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ समापन हो गया। अंतिम दिन नवाकुंर साहित्यिक संस्था के कवि सम्मेलन, जीआईसी चोपता व महिला मंगल दल जाखणी के सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही। इस मौके पर लक्की ड्रा व पुरुष्कार वितरण किया गया।

तल्लानागपुर औद्योगिक विकास कृषि एवं पर्यटन महोत्सव के समापन अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष अमरदेई शाह ने प्रतिभाग किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से क्षेत्र का सर्वागीण विकास होता है। उन्होंने कहा कि तल्ला नागपुर क्षेत्र में फैली हर समस्या के निराकरण के लिए सामूहिक पहल की जाएगी। विशिष्ट अतिथि डॉ. शिखा पुण्डीर ने कहा कि मेले मिलन के पर्व भी हैं। जिला पंचायत सदस्य रतूडा शीला रावत ने कहा कि तल्ला नागपुर की युगों से विशिष्ट पहचान रही है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला पंचायत सदस्य चोपता सुनीता बर्त्वाल ने कहा कि आम जनमानस के सहयोग से तल्ला नागपुर महोत्सव प्रतिवर्ष भव्य रूप ले रहा है। महोत्सव अध्यक्ष प्रताप मेवाल व सचिव महेन्द्र नेगी ने आम जनता का आभार व्यक्त किया। समापन अवसर पर नवाकुंर साहित्यिक संस्था के कवि सुधीर बर्त्वाल, राजपाल पंवार, गोविन्द पंवार, नितीश भण्डारी, शैलेन्द्र बर्त्वाल, मनोज बिष्ट, अमित राणा, नन्दन सिंह राणा, लक्ष्मी नेगी व बलदीप बर्त्वाल ने अपने कविताओं के माध्यम से समाज के बदलते परिवेश पर गहरे व्यंग्य कसे। जबकि जीआईसी चोपता के नौनिहालों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। दर्शकों ने देर सायं तक कार्यक्रमों का आनंद लिया। वॉलीबाल प्रतियोगिता में आठ टीमों ने प्रतिभाग किया जिसमें यंग स्टार क्लब बौरा विजेता व बावई उपविजेता रही। आयोजक मण्डल द्वारा पांच दिवसीय तल्ला नागपुर महोत्सव में प्रतिभाग करने वाले प्रतिभागियों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन लक्ष्मण सिंह बर्त्वाल व जगवीर सिंह नेगी ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर महोत्सव उपाध्यक्ष गोकुल लाल टमटा, दलेब सिंह, कोषाध्यक्ष दीप राणा, पंचम सिंह नेगी, विनोद रावत, भरत सिंह जगवाण, भागमल सिंह नेगी, प्रधानाचार्य परमवीर कुवर, प्रधान सरिता राणा, गीता देवी, जीतराज, बृजमोहन नेगी अंजना देवी, गुडडू लाल, अमित प्रदाली,व्यापार संघ अध्यक्ष योगम्बर कुनियाल, शूरवीर खत्री, आशुतोष वशिष्ठ, जगदम्बा बेजवाल, अरविन्द सिंह, मनवर सिंह सजवाण, दुर्गा करासी, सुमन भटट् सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। (एजेन्सी)

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का कर्णप्रयाग में भव्य स्वागत

चमोली : शनिवार को यहां पहुंचे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कार्यकर्ताओं के साथ मुलाकात की। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया।

आदिबदरी में कई लोगों ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष की मौजूदगी में भाजपा की सदस्यता ली। कर्णप्रयाग, सिमली में कार्यकर्ताओं से मुलाकात करते हुए प्रदेश अध्यक्ष भट्ट ने कहा कि साल 2023 में नगर निकाय चुनाव और साल 2024 में लोक सभा चुनाव संपन्न होने हैं। ऐसे में कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी बढ़ रही है। भट्ट ने कहा कि प्रदेश की धामी और केंद्र की मोदी सरकार लोकहित योजनाओं को संचालित कर रही हैं। लेकिन प्रचार प्रसार के अभाव में गांव के हर व्यक्ति तक ये योजनाएं नहीं पहुंच पाती है। ऐसे में कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है कि गांव के हर व्यक्ति तक सरकार की योजनाएं पहुंचनी चाहिए। वहीं भट्ट ने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर संगठन को मजबूत करने की बात भी कही। आदिबदरी में पुष्कर सिंह, मनोज कुंवर, मुकेश खंडूड़ी, पीएस रावत, विजय प्रसाद, लक्ष्मण सिंह, जगदीश प्रसाद और दयाल सिंह ने भाजपा की सदस्यता ली। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष रघुवीर सिंह, महामंत्री समीर मिश्रा, जिला पंचायत सदस्य विनोद नेगी, एससी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष गणेश शाह, धीरेंद्र भंडारी, अनुज डिमरी, पंकज डिमरी, नवीन नवानी, मनोरमा नैनवाल, राजेश जोशी, चेतन मनोड़ी, संपूर्णा डिमरी आदि मौजूद रहे। (एजेन्सी)

## थराली को मूल्यांकन केंद्र बनाने की मांग उठाई

चमोली : राजकीय शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने शिक्षा निदेशक राकेश कुंवर से राजकीय इंटर कॉलेज थराली को परिषदीय परीक्षाओं का मूल्यांकन केंद्र बनाए जाने की मांग की। शिक्षकों ने कहा कि यहां मूल्यांकन केंद्र बनने से मूल्यांकन में तेजी के साथ ही ड्यूटी कर रहे शिक्षकों को भी सुविधा मिल सकेगी। शुक्रवार को यहां राजकीय इंटर कॉलेज में शिक्षा निदेशक से मुलकात करते हुए शिक्षकों ने एलटी से प्रवक्ता वेतनक्रम में पदोन्नति, प्रधानाचार्यों के पदों पर पदोन्नति से नियुक्ति, धारा 27 के तहत स्थानांतरण, वेतन विसंगति सहित शिक्षकों को बीएलओ के कार्य से मुक्त रखने की मांग की गई। जिस पर शिक्षा निदेशक राकेश कुंवर ने सभी मांगों पर उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया गया। कुंवर ने शिक्षकों को बताया कि प्रधानाचार्य के पदों पर इसी माह नियुक्ति प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इस अवसर पर राजकीय शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष प्रदीप भंडारी, मंत्री प्रकाश चौहान, ब्लाक अध्यक्ष डॉ. कमलेश कुंवर, वीरेंद्र सिंह, नरेंद्र कंडवाल, जीआईसी के प्रधानाचार्य जीसी डिमरी, जीएस तोपाल, प्रकाश शाह, कंचन गुप्ता आदि मौजूद थे। (एजेन्सी)

## सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों का उल्लंघन करने पर अमेरिका ने उत्तर कोरिया पर कार्रवाई का किया आग्रह

**वाशिंगटन ,एजेंसी।** अमेरिका ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) से उत्तर कोरिया की भड़काऊ कार्रवाइयों के लिए उसे जवाबदेह ठहराने का आह्वान किया। संयुक्त राष्ट्र में अमेरिकी राजदूत लिंडा थमस-ग्रीनफील्ड ने अडियल देश पर यूएनएससी प्रतिबंधों को पूरी तरह से लागू करने के महत्व पर जोर दिया। न्यूयर्क में आयोजित सुरक्षा परिषद की आपात बैठक में अमेरिकी राजनयिक ने कहा कि उत्तर कोरिया ने सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों का खुलेआम उल्लंघन करते हुए में घातक हथियारों का परीक्षण जारी रखा है। इसलिए उसके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका उत्तर कोरिया के मिसाइल परीक्षणों की निंदा करता है।

यूएनएससी की हुई बैठक में उत्तर कोरिया को जिम्मेदार ठहराने या उसके लगातार उकसावे को रोकने के संभावित उपायों पर विशेष रूप से चर्चा की गई।

थमस-ग्रीनफील्ड ने कहा कि यूएनएससी प्रस्तावों का प्योंगयांग द्वारा किए जा रहे बार-बार उल्लंघन को सही ठहराने के लिए बीजिंग और मस्को ने सुरक्षा परिषद का मजाक उड़ाया है। उन्होंने कहा कि मैं परिषद के सभी सदस्यों को उनकी जिम्मेदारी की याद दिलाना चाहती हूं। थमस-ग्रीनफील्ड ने उत्तर कोरिया के मिसाइल प्रक्षेपणों का जिक्र करते हुए कहा, संयुक्त राष्ट्र के एक सदस्य देश का सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों का खुले तौर पर उल्लंघन करना और इस इस मुद्दे पर परिषद की चुप्पी भयावह है। चीन व रूस ने अमेरिका व दक्षिण कोरिया पर उत्तर कोरिया को मिसाइल प्रक्षेपण के लिए उकसाने का आरोप लगाया है।

## युगांडा के राष्ट्रपति ने इबोला लॉकडाउन से इंकार किया

**कंपाला ,एजेंसी।** युगांडा के राष्ट्रपति योवेरी मुसेवेनी ने इबोला लकडाउन से इनकार किया है, और लोगों से मौजूदा प्रकोप के बावजूद काम पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया है। मुसेवेनी ने एक ट्वीट में कहा, लोगों को आगे बढ़कर बिना किसी चिंता के अपने काम पर ध्यान देना चाहिए।

राष्ट्रपति ने कहा कि जनता को अधिक सतर्क रहना चाहिए और इबोला प्रसार को नियंत्रित करने के लिए मानक संचालन प्रक्रियाओं का पालन करना चाहिए। कुछ स्वास्थ्य विशेषज्ञ बीमारी के प्रसार को रोकने के लिए युगांडा की राजधानी कंपाला में लकडाउन का आह्वान कर रहे थे। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इस सप्ताह युगांडा को इबोला के प्रसार को रोकने के लिए अंतर्राष्ट्रीय समर्थन का आह्वान किया। युगांडा के स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़े बताते हैं कि 26 अक्टूबर तक, देश में 115 पुष्ट मामले दर्ज किए गए थे और 20 सितंबर को प्रकोप की घोषणा के बाद से 32 मौतें हुई थीं।

आंकड़े यह भी बताते हैं कि 2,168 लोगों को फलो-अप के लिए सूचीबद्ध किया गया है क्योंकि वे पुष्टि किए गए इबोला मामलों के संपर्क हैं।

## कनाडा ने मंकीपॉक्स के 1,444 मामलों की पुष्टि की

**ओटावा ,एजेंसी।** कनाडा की जन स्वास्थ्य एजेंसी ने बताया कि कनाडा ने मंकीपक्स के 1,444 मामलों की पुष्टि की है, जिनमें से 42 अस्पताल में भर्ती हैं। पुष्टि किए गए मामलों में से, 688 ओंटारियो से, 525 क्यूबेक से, 179 ब्रिटिश कोलंबिया से, 41 अल्बर्टा से, सस्केचेवान से छह, युकोन से दो और नोवा स्कोटिया, मैनिटोबा और न्यू ब्रंसविक से एक-एक हैं।कनाडा में मंकीपक्स के मामलों में वृद्धि कम बनी हुई है।

# गुजरात में किसका बजेगा डंका, बीजेपी, कांग्रेस और आप में कौन भारी?



**नई दिल्ली, एजेंसी।** गुजरात में विधानसभा चुनाव के लिए दो चरणों में, एक और पांच दिसंबर को मतदान होगा। आठ दिसंबर को चुनावी नतीजें आएंगे। राज्य में चुनाव के ऐलान से पहेली राजनीतिक पार्टियां पूरे दमखम के साथ मैदान में उतर चुकी हैं। भाजपा और कांग्रेस के बीच मुख्य मुकाबला देखते रहे इस राज्य में पहली बार सभी सीटों पर आम आदमी पार्टी भी चुनाव लड़ रही है। चुनाव और उसके नतीजें को लेकर पिछले एक महीने में कई सर्वे भी सामने आ आए हैं जिसके जरिए हम आपको यह बताने की कोशिश करेंगे कि राज्य में पहले अब में क्या कुछ बदला है।

गुजरात चुनाव को लेकर अभी तक दो सर्वे सामने आए हैं। इसमें एक चुनाव की तारीखों के ऐलान से पहले का है जबकि दूसरा तारीखों के ऐलान के बाद का है। सबसे पहले हम पिछले सर्वे की बात कर लेते हैं और देखते हैं कि उस सर्वे में क्या अनुमान लगाया गया था। दोनों ही सर्वे एबीपी न्यूज और सीवोटर की ओर से किया गया था।

सर्वे की मानें तो 182 सीटों वाली विधानसभा में बीजेपी एक बार फिर से सत्ता में आती हुई दिख रही है। सर्वे के मुताबिक भाजपा 135 से 143 सीटों पर जीत हासिल कर सकती है। पिछली बार 99 सीटें जीतने वाली कांग्रेस 36-44 सीटों पर सिमट सकती है। वहीं अरविंद केजरीवाल की कड़ी मेहनत के बावजूद श्आपश को 0-2 सीटें मिलने का ही अनुमान लगाया गया है। 0-3 सीटों पर अन्य को सफलता मिल सकती है। पीएम मोदी के गृहराज्य में पिछले 27 सालों से भाजपा शासन में है और इस बार पार्टी को जबर्दस्त सफलता मिलती दिख रही है।

अब वोट शेयर की बात करें तो सत्ताधारी पार्टी बीजेपी को 2017 विधानसभा चुनाव के मुकाबले में कुछ नुकसान होता हुआ दिख रहा है। दूसरी ओर से आम आदमी पार्टी कांग्रेसस बड़े वोट शेयर में सेंध लगा सकती है। बीजेपी को इस बार 46.8 फीसदी वोट शेयर मिलने का अनुमान जताया गया है। कांग्रेस को इस बार 32.3 फीसदी वोट मिलने का अनुमान है। वहीं, केजरीवाल की पार्टी को 17.4 फीसदी वोट मिल सकते हैं। पिछले चुनाव में दोनों पार्टियों के वोट शेयर की बात करें तो 2017 में बीजेपी को 49.1 फीसदी वोट शेयर मिले थे जबकि कांग्रेस 41.4 फीसदी वोट मिले थे।

एबीपी-सी वोटर्स के सर्वे की मानें तो राज्य में सत्ताधारी पार्टी बीजेपी को कुल 182 सीटों में से 131 से 139 सीटें मिल सकती हैं। मतलब पिछले करीब एक महीने में जनता के मूड में मामूली बदलाव हुए हैं फिर जीत तो भगवा पार्टी के ही खाते में जाती हुई दिख रही है। दूसरी ओर से राज्य की विपक्षी पार्टी कांग्रेस को नुकसान होता हुआ नजर आ रहा है। कांग्रेस को इस सर्वे में 31 से 39 सीटों पर जीत मिलती हुई दिख रही है। वहीं, आप और अन्य के खाते में 12-17 सीटें जाने का अनुमान है।

## उद्योग को बचाने के लिए 10 नवंबर को नई दिल्ली में राष्ट्रव्यापी प्रदर्शन

**श्रीगंगानगर ,एजेंसी ।** अल इंडिया ईंट एवं टाइल निर्माता संघ ने ईंट भा उद्योग को बचाने के लिए 10 नवंबर को नई दिल्ली में राष्ट्रव्यापी प्रदर्शन करने का ऐलान किया है।

संघ के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष और राजस्थान ईंट निर्माता संघ के अध्यक्ष रतन गणेशगढिया ने बताया कि 10 नवंबर को देश भर से ईंट भट्टों के मालिक और संचालक नई दिल्ली के रामलीला मैदान में इका होंगे। रामलीला मैदान में धरना-प्रदर्शन तथा आमसभा करने के बाद संसद भवन की तरफ कूच किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जीएसटी घटाने, जिक जैग संबंधी नियमों में शिथलता प्रदान करने और प्रदूषण नियमों के सरलीकरण सहित अनेक समस्याओं के समाधान तथा मुद्दों की तरफ सरकार का ध्यान आष्ट करने के लिए प्रदर्शन किया जा रहा है।

इसमें श्रीगंगानगर और हनुमानगढ़ जिलों सहित राजस्थान के सभी जिलों से बड़ी संख्या में ईंट भा मालिक और संचालक शामिल होंगे।

## अवमानना मामले में सुप्रीम कोर्ट ने केन्याई-भारतीय को 1 साल की जेल, 25 लाख रुपये जुर्माना लगाया

**नई दिल्ली ,एजेंसी ।** सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेशों की जानबूझ कर अवज्ञा किये जाने पर कड़ाई से संज्ञान लेते हुए भारतीय मूल के एक केन्याई नागरिक को एक साल की कैद की सजा सुनाई और 25 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है। केन्याई नागरिक (पेरी कंसाग्रा) को अपने बेटे का संरक्षण खुद से दूर रह रही पत्नी (स्मृति मदन) से प्राप्त करने में धोखाधड़ी कर दीवानी एवं आपराधिक मानहानि करने को लेकर यह सजा सुनाई। बच्चा, जिसे केन्या और यूनाइटेड किंगडम की दोहरी नागरिकता प्राप्त है, भारत का एक प्रवासी नागरिक (ओसीआई) है।

2020 में, पिता को बच्चे की स्थायी कस्टडी देते हुए, जिसके पास केन्याई पासपोर्ट है, शीर्ष अदालत ने पेरी कंसाग्रा को बच्चे को केन्या ले जाने के लिए दो सप्ताह के भीतर केन्याई अदालत से मिरर अर्डर प्राप्त करने के लिए कहा था। एक बच्चे के हितों की रक्षा के लिए मिरर आदेश पारित किए जाते हैं जो एक क्षेत्राधिकार से दूसरे क्षेत्र में पारगमन में है।

बाद में, स्मृति कंसाग्रा ने एक आवेदन दायर किया जिसमें कहा गया कि केन्याई उच्च न्यायालय से कथित रूप से जाली या गलत दर्पण आदेश लिया गया। यह भी आरोप लगाया गया था कि उसने न केवल मां को मिलने के अधिकार देने के निर्देशों का पालन करने से इनकार कर दिया, बल्कि भारतीय अधिकार क्षेत्र की अमान्यता की घोषणा के लिए केन्याई अदालत का रुख किया।

मुख्य न्यायाधीश यू.यू. ललित और न्यायमूर्ति पीएस. नरसिम्हा ने देखा कि पेरी कंसाग्रा ने जानबूझकर और स्पष्ट इरादे से अवमानना के गंभीर कार्य किए। पिछले साल पेरी की धोखाधड़ी के सामने आने के बाद, सुप्रीम कोर्ट ने केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को बच्चे को केन्या से वापस लाने और पिता के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज करने का निर्देश दिया। पिता को अवमानना का नोटिस भी दिया।

## जीआईएम 22 में 9.8 लाख करोड़ रुपये के व्यापारिक समझौतों पर हस्ताक्षर हुये : बोम्मई

**बेंगलुरू ,एजेंसी ।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने कहा कि इस साल ग्लोबल इन्वेस्टर्स मीट (जीआईएम) में 9.8 लाख करोड़ रुपये के व्यापारिक समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए, जिनमें से 2.83 लाख करोड़ रुपये के प्रस्तावों को पहले ही मंजूरी दी जा चुकी है।

कर्नाटक सरकार द्वारा आयोजित प्रमुख ग्लोबल इन्वेस्टर्स मीट, श्इन्वेस्ट कर्नाटक 2022 के समापन पर मुख्यमंत्री ने कहा, इस बार जीआईएम शुरू होने से पहले लगभग 29 प्रतिशत प्रस्तावों को मंजूरी दी गई थी,। उन्होंने कहा कि उद्योग सचिव को 10 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों को निर्धारित अवधि में हकीकत में बदलने के लिए कदम उठाने को कहा गया है। उन्होंने बीती देर शाम कहा, पिछले तीन दिनों में जिन सभी समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए थे, उन्हें अगले तीन महीनों के भीतर लागू किया जाना चाहिए। इसके बाद लोगों के सामने एक पारदर्शी रिपोर्ट पेश की जानी चाहिए।श्री बोम्मई ने कहा कि पहला जीआईएम 2000 में आयोजित किया गया था जिसमें 27,000 करोड़ रुपये के निवेश का प्रस्ताव था, जिसमें से 44 प्रतिशत निवेश किया गया था।

# देवघर रोपवे हादसा : 6 महीने बाद भी कोई जांच रिपोर्ट नहीं, किसी पर नहीं हुआ कोई एक्शन

**रांची ,एजेंसी ।** झारखंड के देवघर की त्रिकूट पहाड़ी पर इसी साल 10 अप्रैल को हुए रोपवे हादसे की दर्दनाक यादें अब भी लोगों के जेहन से उतरी नहीं हैं, लेकिन अब शायद ही किसी को फिक्र है कि हादसे की जांच के लिए सरकार ने जो हाईलेवल कमेटी बनाई थी उसकी रिपोर्ट कहां है? हकीकत यह है कि जिस कमेटी को दो महीने में जांच पूरी कर सरकार को रिपोर्ट सौंपनी थी, उसने तकरीबन छह माह बाद भी यह टास्क पूरा नहीं किया है।

हादसों के तुरंत बाद तो सरकारें जबर्दस्त तेजी दिखाती हैं और उसके कुछ दिनों बाद किस तरह पूरा का पूरा सिस्टम बेफिक्री की चादर ओढ़कर सो जाता है, यह उसी का एक आदर्श उदाहरण है।

याद दिला दें कि झारखंड के प्रसिद्ध धार्मिक पर्यटन केंद्र देवघर के त्रिकूट पर्वत पर बीते 10 अप्रैल की शाम लगभग 6 बजे रोपवे का एक तार टूट जाने की वजह से तीन लोगों की मौत हो गई थी, जबकि डेढ़ दर्जन से ज्यादा लोग जख्मी हो गए थे।

रोपवे की 24 में से 23 ट्रलियों पर सवार कुल 78 लोग पहाड़ी और खाई के बीच हवा में फंस गये थे। इनमें से 28 लोगों को उसी रोज सुरक्षित निकाल लिया गया था, जबकि 48 लोग 36 से लेकर 45 घंटे तक बगैर कुछ खाए-पिए पहाड़ी और खाई के बीच हवा में लटके रह गए। वायुसेना, एनडीआरएफ, आईटीबीपी और आर्मी के लगातार 45 घंटे के जोखिम भरे अपरेशन के बाद हवा में लटके इन 48 में से 46 लोगों को बचा लिया गया था, जबकि रेस्क्यू के दौरान दो लोगों की मौत हो गई थी।

एक व्यक्ति की मौत ट्रली गिरने से पहले ही हो गई थी। तब यह बात सामने आई थी कि रोपवे चलाने वाली कंपनी ने न तो मापदंडों के अनुसार इसका मेंटेनेंस किया था और न ही सेफ्टी अडिट में सामने आई खामियों को दूर करने की जरूरत समझी थी।

हादसे से तीन हफ्ते पहले ही एक सरकारी एजेंसी ने 1,770 मीटर लंबे इस रोपवे का सेफ्टी अडिट किया था और इसमें करीब 24 खामियां बताई थीं। इन्हें नजरअंदाज कर रोपवे का संचालन धड़ल्ले से किया जा रहा था।

हादसे के बाद झारखंड सरकार ने 19 अप्रैल को राज्य के वित्त सचिव अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में जांच समिति के गठन का नोटिफिकेशन जारी किया था। नोटिफिकेशन में कहा गया था कि कमेटी दो महीने में रिपोर्ट सरकार को सौंपेगी। आप हैरान हो सकते हैं, लेकिन सच यह है कि जिस कमेटी को दो महीने यानी 60 दिनों में रिपोर्ट देनी थी, वह पूरे 70 दिन बाद घटनास्थल पर जांच के लिए पहुंची।

अब बताया जा रहा है कि रोपवे के जिस शाफ्ट के टूटने से यह हादसा हुआ था, उसकी मेटालर्जिकल लैब से जांच रिपोर्ट आने में देर होने की वजह से कमेटी अपनी रिपोर्ट तैयार नहीं कर पाई है। इस प्रकरण में हैरान करने वाली बात यह भी है कि मेटालर्जिकल लैब की रिपोर्ट करीब एक माह पहले ही राज्य के पर्यटन विभाग को मिल चुकी है, लेकिन यह अब तक जांच कमेटी तक नहीं पहुंची है।

इसी हफ्ते जब गुजरात के मोरबी का हादसा सामने आया तो रोपवे हादसे की जांच कमेटी ने पर्यटन विभाग को पत्र लिखकर मेटालर्जिकल लैब की रिपोर्ट की मांग की है। अब कहा जा रहा है कि जल्द ही कमेटी अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंप देगी।पिछले साले 27 मई को यास तूफान के दौरान रांची के पास कांची नदी पर हाराडीह-बुढ़ाडीह पुल पर 13 करोड़ की लागत से बना पुल उद्घाटन के पहले ही बह गया था। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने तब इसकी जांच के लिए हाई लेवल कमेटी बनाने की घोषणा करते हुए कहा था कि भ्रष्टाचार किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

जांच कमेटी में पथ निर्माण विभाग के अभियंता प्रमुख मुरारी भगत को अध्यक्ष बनाया गया था। इसके अलावा भवन निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता जेपी सिंह सदस्य थे। कमेटी को पुल ढहने के कारणों की जांच कर एक माह में रिपोर्ट देने को कहा गया था। डेढ़ साल बाद भी न तो इस मामले की जांच रिपोर्ट का कोई अता-पता है और न ही किसी पर कोई कार्रवाई हो पाई है।

वर्ष 2017 में हजारीबाग के सदर प्रखंड के डंडई कलां में सेवाने नदी पर बना पुल मात्र चार साल में धंस गया था। यह पुल जब बना, तभी इसके घटिया निर्माण की शिकायत आई।

जांच में भी यह बात साबित हुई तो 2013 में विशेष प्रमंडल के तत्कालीन कार्यपालक अभियंता गोपाल राम रजक को सस्पेंड किया किया था। ठेकेदार को फिर से पुल का पिलर बनाने का निर्देश दिया गया था, लेकिन पहली ही बारिश में पुल बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

दरअसल झारखंड में घटिया निर्माण कार्य की वजह से बीते एक दशक में तीन दर्जन से भी ज्यादा पुल ध्वस्त हुए हैं, लेकिन किसी भी मामले में दोषियों को चिह्नित कर उनके खिलाफ ठोस कार्रवाई हुई हो, ऐसा कोई उदाहरण नहीं है। कुछ अधिकारी कुछ महीनों के लिए सस्पेंड जरूर हुए, लेकिन इससे ज्यादा बड़ी कोई कार्रवाई नहीं हुई।

मसलन, रांची के सोनाहातू में बलमाडीह के पास कांची नदी पर पुल धंसने, पलामू के चौनपुर में शाहपुर-गढ़वा मार्ग पर तहले नदी के ऊपर बने पुल के बह जाने, चौनपुर में ही कोयल नदी पर बने पुल के ध्वस्त होने, धनबाद के निरसा में पुसई नदी पर स्थित पुल के क्षतिग्रस्त होने जैसे कई हादसे हुए हैं, लेकिन कार्रवाई के नाम पर आईवश का खेल चलता रहा।

राज्य में अब भी ऐसे कई पुल हैं, जो हर रोज खतरों को दावत दे रहे हैं। मसलन धनबाद में झारखंड और बंगाल को जोडने वाला चिरकुंडा-बराकर पुल क्षतिग्रस्त हो गया है। इसके दो पिलर ध्वस्त होने की कगार पर पहुंच गए हैं। चिरकुंडा की ओर से पुल के दूसरे पिलर के नीचे की मिट्टी व पत्थर हट चुके हैं, जबकि चौथे पिलर में दरार आ गई है। यह पुल कभी भी ध्वस्त हो सकता है।

अगर ऐसा हुआ तो जान-माल की भारी क्षति तो होगी ही, साथ ही झारखंड व बंगाल का संपर्क भी टूट जाएगा। इस पुल का निर्माण वर्ष 1925 में कुमारधुबी इंजीनियरिंग वर्कस लिमिटेड (केईडब्ल्यू) ने किया था। पुल पर लगे शिलापट्ट पर साफ लिखा है कि अधिकतम 10 टन भार लेकर कोई भी वाहन गुजर सकता है। मगर इस निर्देश की धज्जियां उड़ाते हुए हर रोज मालवाहक वाहन यहां से होकर गुजरते हैं।

इसी तरह हजारीबाग जिले में दारू और टाटीझरिया प्रखंड को आपस में जोडने वाली सेवाने नदी पर बना पुल क्षतिग्रस्त होकर एक तरफ धंसता जा रहा है, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। इस पुल का निर्माण कुछ वर्ष पूर्व करोड़ों रुपये की लागत से बनकर तैयार हुआ था और बेहद कम समय में यह पुल खतरनाक ढंग से क्षतिग्रस्त हो गया है। यह पुल धनबाद, गिरिडीह, गोमिया, बोकारो आदि को जोडने वाली मुख्य सड़क पर स्थित है। बराकर नदी के बजरा घाट पर धनबाद-जामताड़ा को जोडने वाला पुल बालू के अवैध खनन के कारण खतरे में है। लातेहार जिला मुख्यालय में औरंगा नदी पुल भी नदी में बालू के अंधाधुंध खनन की वजह से खतरनाक स्थिति में पहुंच गया है। खूंटी जिले के तोरपा में गोविंदपुर-उरमी रोड में कारो नदी पर बना पुल बीते अगस्त महीने में क्षतिग्रस्त हो गया। पुल का एक हिस्सा नीचे झुक चुका है और यह किसी भी रोज बड़े हादसे का कारण बन सकता है।

## सिक्किम की समृद्ध विरासत विभिन्न समुदायों की संस्कृति का करती है प्रतिनिधित्वः मुर्मू

**गंगटोक ,एजेंसी ।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सिक्किम की सांसतिक परंपराओं में परिलक्षित विविधता में एकता की सराहना की और राज्य की उच्च शिक्षा में लड़कों की तुलना में लड़कियों के उच्च नामांकन पर खुशी व्यक्त की। श्रीमती मुर्मू राज्य सरकार द्वारा उनके सम्मान में आयोजित एक नागरिक स्वागत समारोह में बोल रही थी।

उन्होंने कहा कि सिक्किम की एक समृद्ध सांसतिक विरासत है, जो विभिन्न समुदायों की संसतियों को दर्शाती है। सिक्किम देश के अग्रणी राज्यों में से एक रहा है, जिसकी साक्षरता दर अस्सी प्रतिशत है और यह उच्च शिक्षा में नामांकन प्रतिशत के मामले में देश का पहला राज्य है। राष्ट्रपति ने सिक्किम की प्रातिक सुंदरता, वनस्पतियों, जीवों, झीलों, पहाड़ों और दो मुख्य नदियों तीस्ता और रंगित के लिए सराहना की। उन्होंने नगण्य प्लास्टिक कचरे, स्वच्छता और पहला पूर्ण जैविक राज्य होने के लिए प्रशंसा की और बिजली क्षेत्र, साहित्य और खेल में राज्य की उपलब्धियों का भी जिक्र किया।

उन्होंने मनन केंद्र से वर्चुअल माध्यम से रंगपो में 56 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित 1100 मीटर लंबे अटल सेतु और 29 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित राष्ट्रीय राजमार्ग-10 पर एक सुरंग का उद्घाटन किया और कई परियोजनाओं की नींव भी रखी।इससे पहले श्रीमती मुर्मू को राज्य के राज्यपाल गंगा प्रसाद और मुख्यमंत्री पीएस तमांग ने सम्मानित किया और उन्हें सिक्किमी पोशाक का एक सेट भेंट किया।

### जेलेंस्की ने अमेरिकी सुरक्षा सलाहकार से कीव में की मुलाकात

कीव ,एजेंसी। यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की ने देश की राजधानी कीव में अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) जेक सुलिवन से मुलाकात की। राष्ट्रपति कार्यालय द्वारा जारी एक बयान का हवाला देते कहा कि अपनी बैठक के दौरान, जेलेंस्की और सुलिवन ने रक्षा क्षेत्र में यूक्रेन के लिए अमेरिकी सहायता और महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे की रक्षा के लिए कीव की क्षमता को बढ़ाने के तरीकों पर बात की।

## भाजपा विधायक की विधानसभा की सदस्यता रद्द

**मुजफ्फरनगर ,एजेंसी ।** दो लोगों की हत्या के बाद 2013 में हिंसक प्रदर्शन के दौरान सरकारी काम में बाधा डालने के मामले 2 साल की सजा के ऐलान के बाद खतौली विधानसभा से भाजपा विधायक विक्रम सैनी को एक और बड़ा झटका लगा है। उनकी विधानसभा की सदस्यता को रद्द कर दिया गया है।

मुजफ्फरनगर जिले की सांसदर्धविधायक अदालत द्वारा 11 अक्टूबर को सुनाई गई सजा के बाद शुक्रवार को विधानसभा सचिवालय में विक्रम सैनी की सदस्यता समाप्त करते हुए, विधान सभा सचिवालय ने खतौली सीट रिक्त घोषित किए जाने संबंधी सूचना न्याय विभाग की रिपोर्ट आने के बाद ही सीट रिक्त घोषित करने पर निर्णय किया जाएगा।दो लोगों की हत्या के बाद 2013 में हिंसक प्रदर्शन के दौरान सरकारी काम में बाधा डालने के मामले में भाजपा विधायक विक्रम सैनी समेत 12 लोगों को दो साल की कैद की सजा सुनाई थी। साथ ही 10 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया गया था।गौरतलब हो कि वह 2017 से उसी विधानसभा सीट से दो बार विधायक हैं। वह कवाल गांव के मुखिया थे, जब उन पर 2013 के मुजफ्फरनगर दंगों से संबंधित हत्या के प्रयास और अन्य आरोपों का आरोप लगाया गया था।दो भाइयों की हत्या के बाद, अगस्त और सितंबर 2013 में मुजफ्फरनगर में दो समुदायों के बीच महीने भर तक झड़पें हुईं।11 अक्टूबर को एमपी-एमएलए (मजिस्ट्रेट ट्रायल) की कोर्ट में भाजपा विधायक विक्रम सैनी को दोषी करार कर दिया था।अभियोजन अधिकारी राजीव शर्मा ने बताया कि कोर्ट ने विक्रम सैनी को 2 साल की कैद और 10 हजार रुपये जुर्माना अदा करने की सजा सुनाई गई।

## कर्नाटक में भीषण हादसा, ट्रक-ऑटो रिक्शा की टक्कर में 7 महिला मजदूरों की मौत

**बेंगलुरु ,एजेंसी ।** बीदर में चिट्टागुप्पा तालुक के एक गांव में बीती देर रात एक अटो रिक्शा और ट्रक के बीच आमने-सामने की टक्कर में सात महिलाओं की मौत हो गई और 11 अन्य घायल हो गए। बताया गया है कि चिट्टागुप्पा तालुक में हुई इस दुर्घटना में जान गंवाने वाली सभी महिलाएं दिहाड़ी मजदूर थीं और काम के बाद अटो रिक्शा में बैठकर अपने घर लौट रही थीं। इसी दौरान एक ट्रक ने बेमलाखेड़ा सरकारी स्कूल के पास अटो को टक्कर मार दी, जिससे सभी महिलाओं की मौत हो गई।पुलिस के मुताबिक, हादसे में जान गंवाने वाली महिलाओं में पार्वती (40), प्रभावती (36), गुंडम्मा (60), यदम्मा (40), जगम्मा (34), ईश्वरम्मा (55) और रुक्मिणी बाई (60) शामिल हैं। घायलों में ट्रक और अटो रिक्शे के ड्राइवर समेत 11 लोग शामिल हैं। पुलिस का कहना है कि इनमें दो लोगों की हालत नाजुक है। पुलिस ने हादसे को लेकर केस दर्ज कर लिया है।

## बंगाल : हायर सेकेंडरी कोर्स के लिए थर्ड जेंडर कैटेगरी में 600 छात्रों ने किया रजिस्ट्रेशन

**कोलकाता ,एजेंसी ।** पश्चिम बंगाल काउंसिल अफ हायर सेकेंडरी एग्जामिनेशन (डब्ल्यूबीसीएचएसई) के अध्यक्ष चिरंजीब भट्टाचार्य ने शुक्रवार को कहा कि पश्चिम बंगाल में हायर सेकेंडरी कोर्स के लिए रजिस्ट्रेशन के दौरान करीब 600 छात्रों ने थर्ड जेंडर कैटेगरी में दाखिला लिया है। भट्टाचार्य ने आईएएनएस को बताया- वर्तमान शैक्षणिक वर्ष के लिए 11 वीं कक्षा के लिए पंजीकरण पहली बार अलग तरके का था। यह पहली बार है जब पंजीकरण अनलाइन किया गया था। दूसरा, उस अनलाइन पंजीकरण प्रक्रिया में, पुरुष, महिला और थर्ड जेंडर का भी विकल्प था। उनके अनुसार थर्ड जेंडर वर्ग में नामांकन मुख्यतरू कला वर्ग के लिए था।

उन्होंने पुष्टि की, इस लिंग श्रेणी के तहत कला वर्ग के लिए नामांकन लगभग 480 है और शेष विज्ञान और वाणिज्य श्रेणी में हैं।

उन्होंने यह भी कहा कि हालांकि उन्हें अभी तक इस मामले में आवेदकों के भौगोलिक स्थानों का सटीक विवरण नहीं मिला है, उनका मानना है कि अधिकांश आवेदन कोलकाता या उसके आसपास के जिलों से थे, क्योंकि जागरूकता और संवेदनशीलता के स्तर पर इन क्षेत्रों में यह संख्या दूरदराज के जिलों की तुलना में अधिक है।

इस अवसर पर बोलते हुए, डब्ल्यूबीसीएचएसई अध्यक्ष ने उन शैक्षणिक संस्थानों को भी पूरक बनाया, जिनके माध्यम से पंजीकरण नामांकन आवेदनों को अग्रेषित किया गया था। उन्होंने कहा- इस वर्ष विद्यार्थियों के सीधे नामांकन के स्थान पर शिक्षण संस्थाओं के माध्यम से पंजीयन की व्यवस्था प्रारंभ की। इसलिए, जब इन शिक्षण संस्थानों ने इन आवेदनों को अग्रेषित किया है, तो यह अच्छी तरह से माना जा सकता है कि उनके पास थर्ड जेंडर के लोगों के लिए अलग शौचालय जैसे आवश्यक बुनियादी ढांचे हैं।

# उपचुनावों में भाजपा का वंशवाद!



हिमाचल प्रदेश के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने वंशवाद और परिवारवाद को मुद्दा बनाया है। केंद्रीय गृह मंत्री दिवंगत वीरभद्र सिंह और उनकी पत्नी प्रतिभा सिंह के बहाने कांग्रेस को राजा और रानी की पार्टी बता रहे हैं तो सोनिया और राहुल गांधी के बहाने कांग्रेस को मां-बेटे की पार्टी भी बता रहे हैं। हालांकि खुद भाजपा ने अनेक नेताओं के बेटे और पत्नी को चुनाव में उतारा है। हिमाचल का चुनाव 12 नवंबर को है उससे पहले गुरुवार को छह राज्यों की सात विधानसभा सीटों पर उपचुनाव हुए। इनमें से छह सीटों पर भाजपा लड़ रही है। भाजपा ने पांच सीटों पर नेताओं के बेटे या पत्नी को टिकट दिया है। एक सीट पर उसने कांग्रेस से दलबदल करके आए पूर्व विधायक को उतारा है।

उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के क्षेत्र गोरखपुर में गोला गोकर्णनाथ सीट पर उपचुनाव हुआ है। भाजपा विधायक अरविंद गिरी के निधन से यह सीट खाली हुई थी। भाजपा ने इस सीट पर अरविंद गिरी के 26 साल के बेटे अमन गिरी को चुनाव लड़ाया। वहां भाजपा और सपा के बीच सीधा मुकाबला हुआ। बिहार में कामा सीट पर राजद विधायक अनंत सिंह को अयोग्य घोषित होने से खाली हुई, वहां राजद ने अनंत सिंह की पत्नी को उतारा तो भाजपा ने जदयू छोड़ कर अपनी पार्टी में आए नेता नलिनी रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह की पत्नी सोनम देवी को टिकट दिया।

बिहार की ही गोपालगंज सीट भाजपा विधायक सुभाष सिंह के निधन से खाली हुई थी। वहां से भाजपा ने सुभाष सिंह की पत्नी कुसुम देवी को चुनाव में उतारा था। दोनों सीटों पर भाजपा का सीधा मुकाबला राष्ट्रीय जनता दल के साथ हुआ। ओडिशा की धामनगर सीट पर भाजपा के विधायक विष्णुचरण सेठी के निधन की वजह से उपचुनाव हुआ है। पार्टी ने वहां से सेठी के बेटे सूर्यवंशी सूरज को टिकट दिया था। इस सीट पर पहले भी बहुत नजदीकी मुकाबला हुआ था। धामनगर में भाजपा और बीजू जनता दल का सीधा मुकाबला है।

हरियाणा की आदमपुर सीट पर भाजपा ने कांग्रेस से दलबदल करके आए कुलदीप बिश्नोई के बेटे भव्य बिश्नोई को टिकट दिया। कुलदीप के इस्तीफे से ही सीट खाली हुई थी। वहां भाजपा और कांग्रेस का सीधा मुकाबला था। तेलंगाना की मुनुगोडे सीट पर कांग्रेस विधायक के राजगोपाल रेड्डी के इस्तीफे से उपचुनाव हुआ है। भाजपा ने कांग्रेस से दलबदल करने वाले राजगोपाल रेड्डी को टिकट दिया। महाराष्ट्र की अंधेरी सीट पर भाजपा ने आखिरी वक्त में अपना उम्मीदवार हटा लिया। हालांकि वहां भी भाजपा ने पहले दिवंगत विधायक रुतुजा लटके को अपनी पार्टी में लाकर टिकट देने का प्रयास किया था। सो, छह सीटों पर भाजपा लड़ रही है, जिसमें से चार पर नेताओं के बेटे व पत्नी को टिकट दिया, एक सीट पर दलबदलू नेता के बेटे को टिकट दिया और एक सीट पर दलबदल करने वाले विधायक को टिकट दिया। यह दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी का हाल है!

# केजरीवाल से विपक्ष को फायदा या नुकसान?

**हरिशंकर व्यास**

अरविंद केजरीवाल की राजनीति पर भाजपा के बाद सबसे ज्यादा जिसकी नजर है वह कांग्रेस पार्टी है। देश की बाकी पार्टियों को उनकी राजनीति से खास मतलब नहीं है। केजरीवाल की आम आदमी पार्टी देश के उन राज्यों में राजनीति नहीं कर रही है, जहां गैर कांग्रेस और गैर-भाजपा दलों की सरकार है। जहां कोई दूसरी प्रादेशिक पार्टी मजबूत है। उत्तर प्रदेश, बिहार से लेकर झारखंड, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र और दक्षिण भारत के पांचों राज्यों में, जहां भी प्रादेशिक पार्टियां मजबूत हैं और कांग्रेस हाशिए पर है तो वहां केजरीवाल राजनीति नहीं करते हैं। इसलिए उन राज्यों के नेता केजरीवाल की चिंता नहीं करते हैं। उलटे वे भाजपा के खिलाफ विपक्ष की साझा राजनीति में उनकी भूमिका मानते है। तभी चंद्रशेखर राव से लेकर ममता बनर्जी और नीतीश कुमार दिल्ली में उनसे मिलते थे। मगर अब इन नेताओं का क्या रूख होगा? यह देखना है। रुपए पर लक्ष्मी और गणेश की फोटो लगाने के केजरीवाल के सुझाव के बाद प्रदेशों के क्षत्रप उनके प्रति नजरिया बदल सकते हैं।



तथ्य है कि केजरीवाल पहले भी कांग्रेस के लिए सिरदर्द थे और अब भी कांग्रेस की मुश्किले बढ़ा रहे हैं। केजरीवाल का सारा फोकस उन राज्यों पर है, जहां कांग्रेस मजबूत है। जिस तरह से भाजपा ने कांग्रेस को आसान टारगेट माना हुआ है उसी तरह केजरीवाल ने भी कांग्रेस को निशाना बना रखा है। उनको लगता है कि भाजपा जो भी कांग्रेस के खिलाफ करती है कांग्रेस के खिलाफ जो भी नैरेटिव बनता है तो उसका फायदा आप पार्टी कोभी मिल सकता है। केजरीवाल भाजपा की मुहिम और प्रचार के दम पर ही कांग्रेस को निपटा कर उसकी जगह लेने की राजनीति कर रहे हैं। इसी में धीरे धीरे केजरीवाल की हिंदू राजनीति का चेहरा उभरता हुआ है। अगर बारीकी से देखें तो कांग्रेस जिन राज्यों में मजबूत है, उनमें से दो-तीन राज्यों को छोड़ दें तो बाकी जगह मुस्लिम आबादी औसत से बहुत कम है।

ऐसे राज्यों में केजरीवाल के लिए हिंदू राजनीति करना आसान है। इन राज्यों में भाजपा के साथ साथ एक और हिंदू पार्टी की गुंजाइश है। इसके उलट जिन राज्यों में क्षत्रप पार्टियां मजबूत हैं वहां मुस्लिम आबादी बहुत बड़ी है।

वहां हिंदू राजनीति करने वाली दूसरी पार्टी के लिए गुंजाइश कम है। यही कारण है कि केजरीवाल बिहार, उत्तर प्रदेश, झारखंड, पश्चिम बंगाल, असम आदि राज्यों में राजनीति करने नहीं जा रहे हैं। वे दिल्ली के बाद गुजरात पर ध्यान लगाए हुए हैं। उसके बाद राजस्थान, मध्य प्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश आदि राज्य उनके निशाने पर हैं। कांग्रेस इन राज्यों में सरकार में है या फिर मुख्य विपक्षी पार्टी है।

# किसानों के सशक्तिकरण के लिये संकल्पित शिव-राज

**0-कमल पटेल**

धरती पुत्र शिवराज सिंह चौहान ने जबसे प्रदेश की कमान सम्हाली है, तभी से स्वर्णिम मध्यप्रदेश के सपने को साकार करने में हर पल गुजरा है। मुख्यमंत्री श्री चौहान कहते हैं कि प्रदेश के सर्वांगीण विकास में किसान की भूमिका अति महत्वपूर्ण है। उन्होंने इसी सोच के मद्देनजर किसानों के आर्थिक सशक्तिकरण के लिये निरंतर कार्य किये हैं, जो आज भी बदस्तूर जारी हैं। अपनी स्थापना के 67वें वर्ष में मध्यप्रदेश षि के क्षेत्र में अग्रणी प्रदेश है, जिसने कई कीर्तिमान रचते हुए लगातार 7 बार षि कर्मण अवार्ड प्राप्त किया है।

प्रदेश आज विकसित राज्यों की दौड़ में शामिल है। गेहूँ उत्पादन के साथ ही उपार्जन में भी हम अव्वल हैं। हमने पंजाब जैसे राज्यों को पीटे कर बता भी दिया है और जता भी दिया है कि प्रदेश के किसान मुख्यमंत्री श्री चौहान के साथ परिश्रम की पराकाष्ठा करने को दृढ़ प्रतिज्ञ हैं। गुणवत्ता में भी हम सबसे मुकाबला करने को तत्पर हैं। राज्य सरकार की जन-कल्याणकारी योजनाएँ, कुशल और सक्षम नेतृत्व, वैज्ञानिकों के साथ ही किसानों की मेहनत का सुफल है कि प्रदेश की रायसेन मण्डी में धान समर्थन मूल्य से 1200 रूपये अधिक तक बिक रहा है। सरकार सतत प्रयास कर रही है कि किसानों को उनकी उपज का दोगुना से ज्यादा लाभ मिले।

प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना से जनता को लाभान्वित करने में मध्यप्रदेश प्रथम पयदान पर है। उक्त योजना का लाभ देश में सबसे पहले हरदा जिले के किसान रामभरोस विश्वकर्मा को मिला। प्रदेश षि अधो-संरचना निधि के उपयोग में भी देश में अव्वल है। प्रदेश में इस निधि से 1508 प्रकरण में 852 करोड़ रूपये की राशि वितरित की गई है, जो देश में अब तक किये गये व्यय की कुल 45 प्रतिशत है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के साथ ही मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना में किसानों को प्रदेश सरकार द्वारा प्रतिवर्ष 2-2 हजार रूपये की दो किश्तें प्रदान की जा रही हैं। अब तक प्रदेश के 80 लाख किसानों को 4751 करोड़ रूपये की राशि का भुगतान किया जा चुका है। प्रदेश प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से सबसे अधिक किसानों को लाभान्वित करने वाला राज्य है। योजना में रबी 2020-21 में ही 49 लाख किसानों को 7618 करोड़ रूपये की दावा राशि का भुगतान किया गया।

**प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना से जनता को लाभान्वित करने में मध्यप्रदेश प्रथम पयदान पर है। उक्त योजना का लाभ देश में सबसे पहले हरदा जिले के किसान रामभरोस विश्वकर्मा को मिला। प्रदेश षि अधो-संरचना निधि के उपयोग में भी देश में अव्वल है। प्रदेश में इस निधि से 1508 प्रकरण में 852 करोड़ रूपये की राशि वितरित की गई है, जो देश में अब तक किये गये व्यय की कुल 45 प्रतिशत है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के साथ ही मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना में किसानों को प्रदेश सरकार द्वारा प्रतिवर्ष 2-2 हजार रूपये की दो किश्तें प्रदान की जा रही हैं। अब तक प्रदेश के 80 लाख किसानों को 4751 करोड़ रूपये की राशि का भुगतान किया जा चुका है। प्रदेश प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से सबसे अधिक किसानों को लाभान्वित करने वाला राज्य है।**



सरकार ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से किसानों को लाभान्वित करने के लिये वन ग्रामों को भी योजना में शामिल करना, फसल अधिसूचित करने के लिये न्यूनतम सीमा 100 के स्थान पर 50 हेक्टेयर करना, क्षति आकलन के लिये बीमा पोर्टल को लेण्ड रिकर्ड के एनआईसी पोर्टल से लिंक करना, अवकाश के दिनों में भी बैंक खुलवा कर किसानों का बीमा कराना और बीमा कव्हरेज के स्केल अफ फायनेंस को 100 प्रतिशत तक करने जैसे महत्वपूर्ण कार्य किये।

प्रदेश सरकार द्वारा किसानों को जीरो प्रतिशत ब्याज पर ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। सिंचाई सुविधाओं में अकल्पनीय विस्तार हुआ है। आज प्रदेश में सिंचित क्षेत्र का रकबा लगभग 45 लाख हेक्टेयर तक पहुँच चुका है। वर्ष 2025 तक इसे बढ़ाकर 65 लाख हेक्टेयर करने का लक्ष्य सरकार ने रखा है। प्रदेश जैविक खेती में पहले स्थान पर है।

गुड गवर्नेंस इण्डेक्स 2021 में षि संबद्ध क्षेत्र में मध्यप्रदेश नम्बर वन है। षि विकास के लिये प्रदेश में ड्रोन, डेटा एनालिटिक्स, मशीन लर्निंग, रिमोट सेंसिंग और जीआईएस तकनीक पर काम हो रहा है। इसके लिये षि क्षेत्र में आधुनिक एवं उन्नत तकनीकों के प्रयोग के लिये अंतर्राष्ट्रीय स्तर के संस्थान, इंटरनेशनल सेंटर फर एग्रीकल्चर रिसर्च इन ड्राई एरिया (एकार्डा) की मदद ली जा रही है। एम-पोर्टल से एसएमएस द्वारा षि संबंधी सलाह किसानों को दी जा रही है।

प्रदेश में बीज, उर्वरक, कीटनाशक लायसेंस प्रक्रिया पूरी तरह अनलाइन की गई है।

प्रदेश में किसानों के हित में निर्णय लिया जाकर अब गेहूँ के साथ ही मूंग, चना, उड़द और मसूर जैसी दलहन और सोया, सरसों जैसी तिलहन का भी उपार्जन किया जा रहा है। सरकार किसानों से ग्रीष्मकालीन मूंग का उपार्जन भी कर रही है। इन सबसे किसानों के आर्थिक सशक्तिकरण का मार्ग खुला है। सरकार ने फसलों के आने के साथ ही उपार्जन से किसानों को उपज का वाजिघ्ब दाम मिलना सुनिश्चित किया है। किसान आधुनिक तकनीक से लैस हो रहे हैं।

प्रदेश में ग्रीष्मकालीन फसलों के लिये सिंचाई की सुविधा उपलब्ध कराने के अतिरिक्तप्रयास किये जा रहे हैं। इसकी बदौलत ग्रीष्मकालीन फसलों के रकबे में 3 गुना तक की वृद्धि हुई है। आज ग्रीष्मकालीन मूंग की फसल का रकबा बढ़ कर 7 लाख हेक्टेयर हो गया है। प्रदेश में जैविक खेती को प्रोत्साहित करने के लिये प्रातिक षि बोर्ड गठित किया गया है। प्रदेश के दोनों षि विश्वविद्यालयों में जैविकध्प्रातिक कृषि शाखाएँ प्रारंभ की गई हैं। किसानों को फसल तकनीकी समस्याओं से निजात दिलाने के लिये षि विज्ञान केन्द्र में षि ओपीडी की स्थापना की गई है, जहाँ से षक व्हाटसअप और आईटी से षि वैज्ञानिकों से सम्पर्क कर अपनी समस्याओं का निराकरण करा सकते हैं। सरकार ने किसानों की समस्याओं के निराकरण के लिये किसानों का सच्चा साथी कमल सुविधा केन्द्र (दूरभाष क्रमांक 0755-2558823) की स्थापना भी की है।

0-लेखक षि मंत्री मध्यप्रदेश शासन है।

# गुजरात चुनाव में मुद्दे

कांग्रेस के हाल के तमाम अभियानों की कमी यही है कि उनके जरिए वह देश के सामने राष्ट्र निर्माण और आम जन की खुशहाली का कोई नया सपना नहीं रख पाई है। ऐसे में परेशान लोगों को हिंदुत्व की राजनीति से गोलबंद किए रखने में भाजपा सफल बनी रही है।गुजरात में चुनाव कार्यक्रम का एलान होने से ठीक पहले प्रकाशित एक जनमत सर्वेक्षण से यह मालूम हुआ है कि इस समय वहां के लोगों को कौन-से मुद्दे सबसे ज्यादा उद्वेलित कर रहे हैं। सीएसडीएस के इस सर्वे में 51 प्रतिशत लोगों ने महंगाई को अपनी सबसे बड़ी परेशानी बताया। बेरोजगारी और गरीबी को जोड़ दें, तो आर्थिक मुद्दों को अपनी सबसे बड़ी परेशानी बताने वाले लोगों की संख्या 70 फीसदी से ऊपर पहुंच जाती है। इसके अलावा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा से ठीक पहले ही मोरबी का हादसा हुआ, जिसने कथित तौर पर विकास के श्गुजरात मडल की सच्चाई को उजागर किया है। गुजरात ऐसा राज्य है, जहां कोरोना महामारी के दौरान मृतकों और पीडिघ्तों की संख्या को छिपाने की सबसे ज्यादा कोशिशों के आरोप लगे थे। तो प्रश्न है कि क्या ये मसले विधानसभा चुनाव में प्रमुख मुद्दे बनेंगे? इस वर्ष के आरंभ तक दूसरे राज्यों में हुए चुनावों से सामने आया था कि राजनीतिक जनादेश का निर्माण करने में ऐसे मसले लगभग अप्रासंगिक बने हुए हैं। अब कांग्रेस ने राजनीति का अलग तरीका अपनाया हुआ है। भारत जोड़ो यात्रा के साथ-साथ गुजरात में पांच यात्राएं निकाली गई हैं, जिनके बारे में बताया गया है कि वे पूरे राज्य से गुजरेंगी। तो प्रश्न है कि क्या इन यात्राओं के जरिए कांग्रेस लोगों की परेशानी और सत्ताधारी भाजपा की विफलता को चुनावी चर्चा के केंद्र में ला पाएगी? अगर वह नहीं ला पाई तो इसका यही अर्थ समझा जाएगा कि सिर्फ आलोचना की राजनीति अब कारगर नहीं रही है। कांग्रेस के हाल के तमाम अभियानों की कमी यही है कि उनके जरिए वह देश के सामने राष्ट्र निर्माण और आम जन की खुशहाली का कोई नया सपना नहीं रख पाई है। ऐसे में परेशान लोगों को हिंदुत्व की राजनीति से गोलबंद किए रखने में भाजपा सफल बनी रही है। गुजरात भाजपा की ऐसी राजनीति का प्रयोगस्थली था। यहीं से वह यह कारगर मडल लेकर सारे देश में पहुंची। ऐसे में स्वाभाविक ही है कि यहां से उभरने वाले संकेतों पर सारे देश की नजर रहेगी।

# विदेश नीति की दो उपलब्धियाँ

**वेद प्रताप वैदिक**

भारतीय विदेश नीति की कल दो उपलब्धियों ने मेरा ध्यान बरबस खींचा। एक तो रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पूतिन द्वारा भारत की सराहना और दूसरी भारत और ब्रिटेन के प्रधानमंत्रियों के बीच मुक्त व्यापार समझौते पर हुई बातचीत! इन मुद्दों पर यह शक बना हुआ था कि भारत की नीति से इन दोनों राष्ट्रों को कुछ न कुछ एतराज जरुर है लेकिन वे संकोचवश खुलकर बोल नहीं रहे थे। अब यह स्पष्ट हो गया है कि रूस और ब्रिटेन, दोनों ही भारत की नीति से संतुष्ट हैं और उनके संबंध भारत से दिनोंदिन घनिष्ट होते चले जाएंगे।



पहले हम रूस को लें। भारत ने यूक्रेन पर रूसी हमले का कभी दबी जुबान से समर्थन नहीं किया लेकिन उसे अमेरिका और यूरोपीय राष्ट्रों की तरह रूस के विरुद्ध आग भी नहीं बरसाई। उसने यूक्रेन से अपने हजारों नागरिकों को सुरक्षित बाहर निकाला, उसे टनों अनाज भेंट किया और कुछ प्रस्तावों पर संयुक्तराष्ट्र संघ में उसका साथ भी दिया। इतना ही नहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शांघाई सहयोग संगठन के शिखर सम्मेलन में साफ-साफ कह दिया कि यह वक्घ्त युद्ध का नहीं है। रूस-यूक्रेन युद्ध तुरंत बंद होना चाहिए।

शायद इसी का असर था कि पूतिन ने परमाणु-युद्ध की आशंका से त्रस्त सारे विश्व को आश्वस्त किया कि उनका इरादा परमाणु बम चलाने का बिल्कुल नहीं है। अब उन्होंने मास्को के एक श्थिंक टैंक में भाषण देते हुए न केवल मोदी की भूरि-भूरि प्रशंसा की बल्कि कहा कि इस संकट के दौरान भारत के साथ रूस का षि व्यापार दुगुना हो गया, उर्वरक निर्यात 7-8 गुना बढ़ गया और आपसी व्यापार 13 अरब से कूदकर 18 अरब डलर का हो गया। रूसी तैल ने भारत की जरूरत पूरी कर दी। पूतिन ने भारत की स्वतंत्र विदेश नीति की जमकर तारीफ की है। यह तब है जबकि भारत अमेरिका के साथ कई मोर्चों पर पूरी तरह सहयोग कर रहा है।

चीन को इससे काफी जलन हो रही है लेकिन भारत के बारे में रूस का मूल्यांकन सही है। इसी तरह ब्रिटेन-भारत मुक्त व्यापार समझौते के संपन्न होने के पूरे आसार दिखाई पडने लगे हैं।

ऋषि सुनाक ने प्रधानमंत्री बनते ही अपने विदेश मंत्री को सबसे पहले भारत भेजा है। मोदी और सुनाक की बातचीत से मुक्त व्यापार का रास्ता काफी साफ हुआ है।

लंदन में यह डर बताया जा रहा था कि उक्त समझौता यदि हो गया तो ब्रिटेन में भारतीयों की भरमार हो जाएगी और वे ब्रिटिश बाजारों पर कब्जा कर लेंगे।

इसके अलावा ब्रिटेन चाहता है कि उसकी मोटर साइकिलों, शराब, केमिकल्स और अन्य कई चीजों पर भारत ज्यादा टैक्स-ड्यूटी न लगाए। ऐसे ही भारत भी अपने ऋषि-पदार्थों, कपड़ों और चमड़े आदि के समान पर ड्यूटी घटवाना चाहता है। उम्मीद है कि कुछ दिनों में यदि उक्त समझौता हो गया तो अन्य कई यूरोपीय देशों के दरवाजे भी भारतीय माल के लिए खुल जाएंगे।

# टमाटर के जूस को अपनी डाइट में करें शामिल, मिलेंगे स्वास्थ्य से जुड़े कई फायदे



अमूमन लोग टमाटर का इस्तेमाल सब्जी या सलाद में करते हैं, लेकिन इसका जूस के रूप में भी सेवन किया जा सकता है। कच्चे टमाटर का जूस अपने आप में एक सुपरफूड है। यह विटामिन-ए, विटामिन- के, आयरन, मैग्नीशियम और फास्फोरस जैसे आवश्यक पोषक तत्वों से भरपूर होता है। अगर आप टमाटर के जूस को अपनी डाइट में शामिल करते हैं तो इससे आपको त्वचा, बाल और पूरे स्वास्थ्य से जुड़े फायदे मिल सकते हैं। आइए इसके पांच प्रमुख फायदे जानें।

**वजन कम करने में मिलेगी मदद**

अगर आप रोजाना आधे या एक गिलास टमाटर के जूस का सेवन करते हैं तो यह शरीर को हाइड्रेट रखने के साथ-साथ वजन घटाने में मदद कर सकता है। टमाटर के जूस में मौजूद सोडियम की कम मात्रा और उच्च फाइबर मेटाबलिज्म को तेज करके वजन कम करने की प्रक्रिया को बढ़ावा दे सकता है। इसमें मौजूद कम कैलोरी भी इसे वजन नियंत्रित करने के सक्षम बनाती है।

**शरीर से विषाक्त पदार्थ करे दूर**

लिवर और किडनी हमारे शरीर के डिटक्सिफिकेशन के लिए जिम्मेदार होते हैं। इसलिए यह आवश्यक है कि ये दोनों अंग स्वस्थ अवस्था में रहें। टमाटर के जूस में मौजूद प्रातिक क्लोरीन लिवर और किडनी को ठीक से काम करने के लिए बढ़ावा दे सकता है और डिटक्सिफिकेशन की प्रक्रिया को बेहतर बना सकता है। अगर आप अपने शरीर से विषाक्त पदार्थ दूर करना चाहते हैं तो रोजाना एक गिलास घर पर बने ताजे टमाटर के जूस का सेवन करें।

**हाई कोलेस्ट्रल का खतरा होगा कम**

कोलेस्ट्रल का अनियंत्रित स्तर हृदय रोगों का खतरा बढ़ा सकता है। इसलिए इसे नियंत्रित रखना जरूरी है।

एक शोध के अनुसार, टमाटर का जूस पीने से हाई कोलेस्ट्रल का खतरा कम करने में मदद मिल सकती है। यह फाइबर से भरपूर होता है, जो शरीर में खराब कोलेस्ट्रल के स्तर को कम करके अच्टे कोलेस्ट्रल के स्तर को बढ़ाने में मदद कर सकता है।

**त्वचा के लिए है अच्छा**

रोजाना टमाटर के जूस को पीने से त्वचा को बहुत सारे फायदे मिल सकते हैं। एक शोध के मुताबिक, टमाटर का जूस टैनिंग से टुटकारा दिलाने, त्वचा के बिगड़ते रंग का मुकाबला करने समेत मुंहासों का इलाज करने में सहायक साबित हो सकता है। इसके अतिरिक्त यह तैलीय त्वचा के अतिरिक्त सीबम के स्राव को भी नियंत्रित करता है।

**बालों को रखे मजबूत**

टमाटर के जूस में मौजूद विटामिन्स और आयरन रूखे और बेजान बालों में चमक लाने के साथ-साथ उन्हें स्वस्थ रखने में मदद कर सकते हैं। यह सिर की खुजली और डैंड्रफ जैसी कई बालों की समस्याओं से भी टुटकारा दिलाने में मदद कर सकता है। लाभ के लिए अपने स्कैल्प और बालों में ताजा टमाटर का जूस लगाएं और 5-10 मिनट के बाद अपने सिर को शैंपू और पानी से धो लें।

# लंबे समय तक बैठे रहने से सेहत को हो सकते हैं ये पांच बड़े नुकसान

अफिस में लगातार आठ से 10 घंटे तक लगातार बैठकर काम करने से आपकी सेहत दिन-ब-दिन खराब होती जा रही है। लोग घंटों कंप्यूटर के सामने बैठकर बगैर ब्रेक के काम कर रहे हैं। इस कारण वो सिर से लेकर पैरों तक कई बीमारियों से ग्रस्त हो सकते हैं। आज हम आपको लंबे समय तक एक ही जगह बैठे रहने से स्वास्थ्य को होने वाले पांच नुकसान के बारे में बताते हैं।

विशेषज्ञों के अनुसार, जो लोग लंबे समय तक बैठे रहते हैं उनमें दिल का दौरा पडने या स्ट्रोक से पीडिघ्त होने का लगभग 147 प्रतिशत जोखिम अधिक होता है। लफबोरो विश्वविद्यालय और लीसेस्टर विश्वविद्यालय द्वारा 2011 में प्रकाशित एक अध्ययन से पता चला है कि जो लोग लंबे समय तक बैठकर काम करते रहते हैं, उनमें हृदय रोगों से मृत्यु में 90 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। इसके अलावा ब्लड प्रेशर की समस्या और कोलेस्ट्रल का खतरा भी बढ़ता है।

लंबे समय तक बैठकर काम करने से आपका इम्यून सिस्टम भी ठीक तरह से काम नहीं कर पाता है। ऐसे में अगर आप एक्सरसाइज नहीं करेंगे तो इम्यून सिस्टम सही तरीके से काम करना बंद कर देता है। एक्सरसाइज शरीर की कोशिकाओं को मजबूती देकर इम्यून सिस्टम को भी मजबूत बनाती है। इसलिए लंबे समय तक बैठकर जब करने वाले लोगों को एक्सरसाइज करना बहुत जरूरी है।

जब आप चलते-फिरते रहते हैं तो आपकी मांसपेशियां लिपोप्रोटीन लाइपेस जैसे अणु छोड़ती हैं, जो आपके शरीर में मौजूद फैट, कैलोरी और शुगर को संशोधित करने में सहायता करती हैं। लेकिन जब आप केवल बैठे रहते हैं, तो ये अणु शरीर के अंदर ही रह जाते है, जिससे वजन बढ़ता है। इसलिए जो लोग अधिक समय तक बैठकर काम करते रहते हैं, उनका वजन भी ज्यादा होता है।

गर्दन, पीठ, कंधे और घुटनों समेत शरीर के कई अंगों में जकडन और असहनीय दर्द होने लगता है क्योंकि आप लंबे समय तक बैठकर काम करते हैं। ऐसे में आपके शरीर में ब्लड सर्कुलेशन धीमा हो जाता है। लगातार बैठने से आपकी पीठ पर भी भारी दबाव पड़ता है, खासकर तब जब आप दिन भर खराब मुद्रा में बैठे रहते हैं। अगर आप इस पर ध्यान नहीं देंगे तो पोस्टुरल सिंड्रोम का खतरा बढ़ सकता है।

# अधिकारी भर्ती प्रक्रियाओं में तेजी लाये : सीएम



**जयन्त प्रतिनिधि।**

देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्रदेश में भर्ती प्रक्रियाओं में तेजी लाई जाए। सभी सचिव अपने विभागों की रिक्तियों की सूचना एक सप्ताह के अंदर उपलब्ध करायें। जिसमें सभी विभागों के कुल पदों का विवरण, वर्तमान में कार्यरत एवं रिक्त पदों का पूरा विवरण शामिल हो।

सचिवालय में शनिवार को अधिकारियों की बैठक लेते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि रोजगार एवं स्वरोजगार के लिए सेवायोजन एवं कौशल विकास विभाग द्वारा नियमित रोजगार मेलों का आयोजन किया जाए, जिसमें औद्योगिक संगठनों का भी सहयोग लिया जाए। जिससे राज्य के अधिक से अधिक लोगों को रोजगार के अवसर मिल सके। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिये कि विभागों की फाइलें शासन स्तर पर अनावश्यक रूप से लंबित न रहे। इसका मुख्यमंत्री कार्यालय से भी संज्ञान लिया जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि विभिन्न विभागों के रिक्त पदों के जो अधियाचन आयोग को भेजे जाने हैं, उनका परीक्षण कर यथाशीघ्र भेजा जाए। अधियाचन भेजने से पहले सभी आवश्यक औपचारिकताएं भली भांति पूरी की जाये, ताकि भर्ती प्रक्रियाओं में तेजी आ सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में विभागीय स्तर पर तेजी से कार्य किये जाए, यह सुनिश्चित करना भी विभागीय अधिकारियों का दायित्व है, इसके लिए विभागों को अपनी कार्यप्रणाली में और सुधार लाने होंगे।

विभागीय उपयोगिता के दृष्टिगत आवश्यक एवं महत्वपूर्ण प्रकृति पदों को शीघ्रता से भरे जाने की कार्यवाही की जाए। बैठक में अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, आनन्द बर्द्धन, प्रमुख सचिव आरके सुधांशु, डीजीपी अशोक कुमार, प्रमुख वन संरक्षक विनोद कुमार सिंघल, सचिव आर. मीनाक्षी सुंदरम, शैलेश बगोली, अरविन्द सिंह ह्यांकी, सचिन कुर्वे, बीवीआरसी पुरुषोत्तम, रविनाथ रमन, डॉ. आर. राजेश कुमार, महानिदेशक शिक्षा बंशीधर तिवारी आदि मौजूद थे।

# पांच सूत्रीय मांगों को लेकर एबीवीपी मुखर



ऋषिकेश। श्रीदेव सुमन विवि कैंपस ऋषिकेश में छात्रसंघ चुनाव कराने के लिए चुनाव अधिकारी नियुक्त करने समेत पांच सूत्रीय मांगों को लेकर एबीवीपी मुखर हो गई है।

एक सप्ताह में मांगें पूरी न होने पर महाविद्यालय में तालाबंदी की चेतावनी दी है। शनिवार को एबीवीपी ऋषिकेश इकाई के नगर मंत्री अनिरुद्ध शर्मा के नेतृत्व में छात्र नेताओं ने महाविद्यालय के नवनियुक्त प्राचार्य महावीर सिंह रावत से उनके कार्यालय में मुलाकात की। महाविद्यालय में शैक्षणिक व्यवस्था और संसाधनों पर चर्चा की। इस दौरान एबीवीपी ने विषम सेमेस्टर की कक्षाएं जल्द शुरू के साथ नई शिक्षा नीति के अनुसार समय सारणी दोबारा घोषित करने, सम सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम शीघ्र घोषित करने, महाविद्यालय परिसर में पार्किंग की उचित व्यवस्था, छात्रसंघ चुनाव के लिए चुनाव अधिकारी नियुक्त करने समेत पांच सूत्रीय मांगों को लेकर मांग पत्र सौंपा। छात्र नेताओं ने बताया कि दिवाली के अवकाश से पहले भी उक्त मांगों को लेकर कार्यवाहक प्राचार्य को अवगत कराया गया था। उन्होंने जल्द उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया था, लेकिन अभी तक कुछ नहीं हुआ।

# मेयर ने की व्यापारियों एवं होटल एसोसिएशन के पदाधिकारियों संग बैठक



ऋषिकेश। नौ नवंबर को नगर निगम प्रशासन द्वारा ऋषिकेश निकाय का शताब्दी समारोह धूमधाम से मनाया जाएगा। इसमें नगर क्षेत्र के तमाम व्यापारी और होटल संचालक भी योगदान देंगे। ऋषिकेश निकाय के शताब्दी समारोह के दिन क्षेत्र के सभी होटल और बाजारों को सजाया जाएगा। शनिवार को नगर निगम सभागार में मेयर अनिता ममगाईं ने व्यापारियों एवं होटल एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि नौ नवंबर को ऋषिकेश निकाय का शताब्दी समारोह मनाया जाना है। इसमें विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। बैठक में विभिन्न व्यापारिक संगठनों से जुड़े व्यापारियों और होटल व्यवसायियों ने सहभागिता कर कार्यक्रम को यादगार बनाने के लिए अपने सुझाव दिए। व्यापारिक प्रतिनिधियों ने कहा कि यह समारोह सिर्फ नगर निगम का नहीं बल्कि पूरे शहर का है। इसे भव्य बनाने के लिए शहर का हर व्यापारी अपना पूर्ण सहयोग करेगा। बैठक में राज्य स्थापना दिवस पर आयोजित निकाय के शताब्दी समारोह पर बाजारों एवं होटलों को सजाने का निर्णय लिया गया। इस दौरान मेयर अनिता ममगाईं ने नगर आयुक्त को क्षतिग्रस्त सड़कों को दुरुस्त कराने के लिए एनएच अधिकारियों के साथ तत्काल बैठक करने के लिए निर्देशित किया।

## जमीन बेचने के नाम पर 13 लाख ठगे

देहरादून। रायपुर क्षेत्र के आमवाला तरला में जमीन बेचने के नाम पर एक मां–बेटे से 13 लाख रुपये ठग लिए गए। पुलिस ने बेटे की तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। एसओ रायपुर मनमोहन नेगी के मुताबिक विकास कुमार कंडोली ने तहरीर दी थी। जिसमें उन्होंने बताया कि वह एक जमीन खरीदना चाहते थे, जिसकी जानकारी अमित कुमार सिंह निवासी दून विहार कालोनी जाखन, अंकित वर्मा निवासी डांडा खुदानेवाला सहस्त्रधारा रोड, विजय कुमार निवासी ईश्वर विहार रायपुर , राकेश अग्रवाल निवासी कृष्णा वेंडिग प्वाईंट सहस्त्रधारा रोड को लगी तो उन्होंने उन्हें और उनकी माता कुसुम देवी को झांसे में लिया।

# डीएम ने किया राप्रावि डुमक का निरीक्षण, भवन की मरम्मत के लिए मांगा प्रस्ताव



**जयन्त प्रतिनिधि ।**

चमोली : जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने शनिवार को सबसे दूरस्थ गांव डुमक से तोलीताल-कुजौं मैकोट होते हुए करीब 17 किलोमीटर की पैदल दूरी तय कर गोपेश्वर पहुंचे। शनिवार को सुबह जिलाधिकारी ने डुमक गांव में प्रसिद्ध वजीर देवता के दर्शन करने के बाद सबसे दूरस्थ पोलिंग बूथ प्राथमिक विद्यालय डुमक का निरीक्षण किया।

उन्होंने विद्यालय में छात्र संख्या एवं शिक्षण व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए जीर्णशीर्ण विद्यालय भवन की मरम्मत के लिए तत्काल प्रस्ताव उपलब्ध कराने के निर्देश मुख्य शिक्षा अधिकारी को दिए। इस दौरान जिलाधिकारी ने डुमक गांव में स्वास्थ्य व्यवस्थाओं सहित विभिन्न विकास योजनाओं और बुनियादी सुविधाओं जायजा लेते हुए संबधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इससे पूर्व विगत शुक्रवार को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में डुमक गांव में देर रात्रि तक जनता दरवार एवं बहुउदेशीय स्वास्थ्य शिविर भी आयोजित किया गया। शिविर में 130 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क दवा वितरित की गई। साथ 3 मरीजों को उपचार के लिए जिला अस्पताल गोपेश्वर रेफर किया गया। कृषि विभाग के माध्यम से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के 39 लाभार्थियों का किसान क्रेडिट कार्ड के आवेदन लिए गए।

समाज कल्याण विभाग द्वारा 40 पेंशनरों का सत्यापन और वृद्धावस्था, विधवा, दिब्यांग पेंशन के 12 आवेदन लिए गए। जिलाधिकारी ने दूरस्थ गांव डुमक में ही रात्रि प्रवास किया। शनिवार को जिलाधिकारी ने डुमक से तोलीताल होते हुए करीब 17 किलोमीटर की पैदल दूरी तय कर कुजौं मैकोट पहुंचे और ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। इस दौरान ग्रामीणों ने कुंजौमैकोट से डुमक जाने वाले रास्ते में क्षतिग्रस्त पैदल पुलिया निर्माण, राइका डुंग्री मैकोट का नाम संशोधित कर राइका कुंजौ-मैकोट-डुंग्री करने, अनुसूचित बाहुल्य बस्ती नैवी तक सड़क मार्ग स्वीकृत करने की मांग रखी। जिस पर जिलाधिकारी ने कहा कि ग्रामीणों की समस्याओं का जल्द से जल्द निस्तारण किया जाएगा। क्षेत्र भ्रमण के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. राजीव शर्मा, परियोजना निदेश-क आनंद सिंह, सीईओ कुलदीप गैरोला, तहसीलदार रवि शाह, जिला समाज कल्याण अधिकारी वीके उनियाल आदि मौजूद थे।

## एक नजर

## बैठक 11 नवंबर को

**जयन्त प्रतिनिधि।**

रूद्रप्रयाग : जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक जिलाधिकारी मयूर दीक्षित की अध्यक्षता में शुक्रवार 11 नवंबर को आयोजित होगी। जिला कार्यालय कक्ष में अपराह्न 4 बजे से आयोजित होने वाली बैठक में समिति के सदस्यों द्वारा प्रतिभाग किया जाएगा। मुख्य विकास अधिकारी नरेश कुमार ने उक्त आशय की जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में जल जीवन मिशन के अंतर्गत एफएचटीसी कार्यों की प्रगति समीक्षा सहित जल जीवन मिशन फेज-1 व फेज-2 कार्यों की वित्तीय एवं भौतिक प्रगति समीक्षा, स्वीकृत डीपीआर के सापेक्ष निविदाओं की स्थिति, एफटीके आवंटन की समीक्षा व जल जीवन मिशन के अंतर्गत चयनित सहयोगी संस्थाओं के कार्यों की प्रगति समीक्षा आदि बिन्दुओं पर आवश्यक चर्चा एवं विचार-विमर्श किया जाएगा। उन्होंने जिला जल एवं स्वच्छता मिशन के सभी सदस्यों से निर्धारित तिथि व समय पर समस्त अध्यावधिक सूचनाओं सहित अनिवार्य रूप से प्रतिभाग करने की अपील की है।

## शिविर में किया आठ शिकायतों का निराकरण

नई टिहरी : ब्लाक जौनपुर के स्व सरदार सिंह रावत आदर्श राजकीय इण्टर कालेज टटोर नैनबाग में डीएम डा. सौरभ गहरवार की अध्यक्षता में शिविर आयोजित किया गया। शिविर में दर्ज आठ शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। शिवर में आम लोगों को केंद्र व राज्य सरकार की संचालित योजनाओं की जानकारी भी दी गई। शिविर के दौरान डीएम ने सरदार सिंह रावत के स्मारक पर माल्यार्पण करने के बाद विभागीय स्टालों का का उद्घाटन एवं निरीक्षण किया। कृषक शांति सिंह रमोला को सहकारिता विभाग के स्टाल पर केसीसी कार्ड निर्गत किया गया। शिविर में डीएम का पिछड़ी, अनुसूचित जाति, जनजाति विकास समिति नैनबाग जौनपुर ने भव्य स्वागत करते हुए उनके सम्मुख क्षेत्र की मांगे रखी। राप्रावि टटोर नैनबाग में टीन शेड की स्वीकृत कर लोनिवि थत्यूड़ को शीघ्र आंगणन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। बताया कि तहसील नैनबाग में उपनिबन्धक कार्यालय के लिए प्रस्ताव शासन को भेज दिया गया है।

# डीएम ने श्री तुंगनाथ धाम की यात्रा व्यवस्थाओं का लिया जायजा



जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने पंचकेदारों में सर्वाधिक ऊंचाई पर स्थित श्री तुंगनाथ धाम का पैदल निरीक्षण कर यात्रा व्यववस्थाओं का जायजा लिया। साथ ही आने वाले वर्ष में यात्रा को और अधिक सुव्यवस्थित ढंग से संचालित करने के दृष्टिगत तीर्थ यात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु तीर्थ पुरोहितों से सुझाव मांगे। इसके अलावा उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक तैयारियां एवं व्यवस्थाएं प्रस्तावित करने हेतु निर्देशित किया। इस दौरान उन्होंने तुंगनाथ पैदल ट्रैक पर विशेष स्वच्छता अभियान भी चलाया गया। डीएम ने यात्रा मार्ग सहित चोपता में विशेष सफाई अभियान के भी निर्देश दिए।

शनिवार को जनपद के चोपता में स्थित विश्व विख्यात श्री तुंगनाथ धाम मंदिर में पहुंचने के बाद जिलाधिकारी ने यहां पूजा-अर्चना कर जनपद एवं प्रदेश की सुख-समृद्धि, प्रगति एवं खुशहाली की कामना की। मुख्य मोटर मार्ग से करीब 4 कि.मी. पैदल चलते हुए यात्रा रूट का स्थलीय निरीक्षण करते हुए यात्रा मार्ग में जिलाधिकारी सहित संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा विशेष सफाई अभियान चलाते हुए ट्रैक रूट पर पड़े पानी की बोतलें, चिप्स, टॉफी एवं गुटखे के रैपर हटाए गए।

इस दौरान यात्रा मार्ग पर होटल ढाबों द्वारा स्वच्छता का ध्यान न रखने पर एवं ढाबे के आसपास गंदगी होने पर मोहन सिंह बिष्ट एवं भगत सिंह पंवार का पांच-पांच सौ रुपए के चालान किए। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने तुंगनाथ आने-जाने वाले तीर्थ यात्रियों से वार्ता कर ट्रैक रूट पर विशेष स्वच्छता बनाए रखने की अपील की। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने तीर्थ पुरोहितों से मुलाकर उनकी समस्याओं को सुना।

# मलबा अलकनंदा में डालने पर तीर्थपुरोहित समाज नाराज

नई टिहरी : बदरीनाथ धाम में मास्टर प्लान के तहत हो रहे निर्माण कार्य का मलबा अलकनंदा नदी में डाले जाने पर तीर्थपुरोहित समाज ने कड़ी आपति जताई है। श्री बदरीश पंडा पंचायत ने इसका वीडियो व फोटो जारी करते हुए एनजीटी व स्थानीय प्रशासन पर लापरवाह रवैये का आरोप लगाया है। तीर्थनगरी देवप्रयाग तक आने वाली अलकनंदा नदी अपने मुहाने से ही प्रदूषित हो रही है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ड्रीम प्रोजेक्ट बदरीनाथ धाम मास्टर प्लान को लागू करने के लिए पर्यावरण के सभी मानको को ताक में रख दिया गया है। मास्टर प्लान निर्माण का टनों मलबा खुलेआम अलकनंदा में डाला जा रहा है। गंगा की प्रमुख सहायक नदी अलककंदा देवप्रयाग में भागीरथी मे संगम कर राष्ट्रीय नदी गंगा का स्वरूप धारण करती है। श्री बदरीश पंडा पंचायत अध्यक्ष प्रवीन ध्यानी व सचिव रजनीश मोतीवाल का कहना है कि नदियों में निर्माण कार्य का मलबा डालने पर भारी भरकम जुर्माना व चालान करनेवाली एनजीटी व स्थानीय प्रशासन इस मुद्दे पर पूरी तरह चुप्पी साधे हुए है। धाम स्थित अलकनंदा तटों की प्राकृतिक संरचना को जेसीबी मशीनों से ध्वस्त कर उसके मलबे को निर्माण एजेन्सी खुलेआम नदी की धारा मे बहा रही हैं। प्रतिदिन टनों मलबा अलकनंदा में बहाया जाने का सिलसिला जारी है।

# सीडीओ कमठान ने ली ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की बैठक



देहरादून। जिलाधिकारी के निर्देशों के अनुपालन में मुख्य विकास अधिकारी झरना कमठान ने ऋषिपर्णा सभागार में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की बैठक लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। साथ ही बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों से ग्रामीण क्षेत्रों में कूड़ा निस्तारण हेतु सुझाव भी प्राप्त किए।

मुख्य विकास अधिकारी ने ग्रामीण क्षेत्रों में कूड़ा निस्तारण हेतु प्रचार–प्रसार एवं जनजागरूकता कार्यक्रम चलाने तथा लोगों को घर पर ही गीला एवं सूखा कूड़ा अलग कर सैग्रिगेशन करने हेतु जागरूक करने के निर्देश दिए।

उन्होंने जनप्रतिनिधियों से कहा कि कूड़ा निस्तारण/सेग्रिगेशन के लिए भूमि चिन्हित करने हेतु जनप्रतिनिधियों की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से भूमि चिन्हिकरण करने में राजस्व विभाग का सहयोग करने की अपेक्षा की। उन्होंने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन में अच्छा कार्य करने वाली ग्राम पंचायतों को पुरस्कृत करने तथा अन्य ग्राम पंचायतों को भी इसके लिए प्रेरित करने को कहा। साथ ही इस कार्य में स्वयं सहायता समूहों को जोड़ते हुए स्वच्छता एवं जागरूकता अभियान चलाए।

## शादी के बाद भी परेशान कर रहा युवक, केस दर्ज

देहरादून। रायपुर थाने में एक युवती ने केस दर्ज कराया है कि एक युवक शादी के बाद भी उसे परेशान कर रहा है। एसओ मनमोहन नेगी ने बताया कि एक युवती ने तहरीर दी है। जिसमें उसने कहा कि वह डांडा लखोंड सहस्त्रधारा रोड पर रहती है और उसकी दोस्ती राजस्थान के सीकर निवासी मनोज से थी। मनोज की शादी होने के बाद भी वह उसे बार बार ब्लैकमेल कर रहा और शारीरिक संबंध बनाने के लिए कह रहा है एवं जान से मारने की धमकी भी दे रहा है। रिश्तेदारों, भाई बहनों एवं माता–पिता को भी परेशान कर रहा है। जिससे वह अवसाद एवं मानसिक उत्पीडन की स्थिति में है।

# देहरादून ने जीता उद्घाटन मुकाबला

ऋषिकेश। एसबीएम इंटर कॉलेज में दो दिवसीय 18वीं सीनियर राज्यस्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आगाज हुआ। प्रतियोगिता के उद्घाटन मुकाबले में देहरादून की टीम ने हरिद्वार की टीम को 73 रन से हराया। शनिवार को एसबीएम इंटर कॉलेज के खेल मैदान में उत्तराखंड टेनिस बॉल क्रिकेट एसोसिएशन ने दो दिवसीय 18वीं सीनियर राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित की। इसका शुभारंभ कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने किया।

उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ खेलकूद अत्यंत आवश्यक है। खेल के क्षेत्र में भी युवा अपना भविष्य बना सकते हैं। प्रतियोगिता का पहला मुकाबला देहरादून और हरिद्वार के बीच हुआ। इसमें देहरादून ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित आठ ओवर में 91 रन बनाए। इसके बाद हरिद्वार की टीम मात्र 18 रन में ही ढेर हो गई। यह मुकाबला देहरादून ने 73 रन से जीत लिया। एसोसिएशन अध्यक्ष देशराज कर्णवाल ने बताया कि प्रतियोगिता में राज्यभर से हरिद्वार, देहरादून, उत्तरकाशी, अल्मोड़ा, यूएसनगर, नैनीताल, पतंजलि यूनिवर्सिटी, क्वांटम यूनिवर्सिटी और टिहरी जनपद की टीमें प्रतिभाग कर रही हैं। कहा कि बालक और बालिका के सीनियर वर्ग में आयोजित प्रतियोगिता की विजेता टीमें नेशनल चैंपियनशिप में प्रतिभाग करेंगी।

# सील किए अल्ट्रासाउंड क्लीनिक की हुई दोबारा जांच



ऋषिकेश। तीर्थनगरी ऋषिकेश में करीब एक महीने पहले प्रशासन कि ओर से सील किए गए प्राइवेट अल्ट्रासाउंड क्लीनिक की दोबारा जांच की गई। शनिवार को स्वास्थ्य विभाग की जिलास्तरीय पीएनडीटी टीम ने क्लीनिक में पहुंचकर अल्ट्रासाउंड मशीन का निरीक्षण कर डाटा एकत्रित किया। करीब ढाई घंटे जांच के बाद टीम वापस देहरादून लौट गई। सरकारी अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. पीके चंदोला ने बताया कि पुष्कर मंदिर मार्ग पर स्थित सील प्राइवेट अल्ट्रासाउंड क्लीनिक में शनिवार दोपहर प्री–नेटल डायग्नोस्टिक टेक्निक (पीएनडीटी) की सात सदस्यीय जिलास्तरीय टीम पहुंची। स्थानीय प्रशासन ने क्लीनिक को सील किया था। लिहाजा एसडीएम ऋषिकेश नंदन कुमार की मौजूदगी में सील अल्ट्रासाउंड क्लीनिक को खोला गया। जांच पूरी होने तक प्रशासन की टीम मौजूद रही। मुख्य चिकित्साधीक्षक ने बताया कि टीम में शामिल डॉ. दिनेश चौहान, रेडियोलॉजिस्ट डॉ. उपेंद्र सिंह, डॉ. दीप्ति सिंह और नॉन मेडिकल कर्मियों ने अल्ट्रासाउंड मशीन की गहनता से जांच की और मशीन से डाटा एकत्रित किया।

# राज्यपाल ने किया स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का शुभारंभ



देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने राजभवन में भारतीय रेडक्रास सोसायटी उत्तराखण्ड के सहयोग से आयोजित स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का शुभारंभ करते हुए कहा कि रक्तदान, महादान होने के साथ–साथ बहुत नेक कार्य भी है। उन्होंने कहा कि रक्तदान से किसी अनजाने व्यक्ति के प्राण बचाने के पुण्य के साथ हमें आत्मिक आनंद मिलता है।

इस आनंद की तुलना किसी और सुख से नहीं की जा सकती है। एक व्यक्ति द्वारा किए गए रक्तदान से तीन व्यक्तियों को लाभ मिलता है। उन्होंने कहा कि नियमित रक्तदान करने से हार्ट अटैक और कैंसर जैसी बीमारियों का खतरा लगभग समाप्त हो जाता है। प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति हर तीन महीने में रक्तदान कर सकता है। राज्यपाल ने राजभवन के सभी रक्तदान कर्ताओं की प्रशंसा की और कहा कि वे सभी अन्य लोगों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत हैं।

राज्यपाल ने कहा कि रेडक्रास सोसायटी ने रक्तदान शिविर का आयोजन कर सराहनीय कार्य किया है।

# मुंबई ने हिमाचल को हराकर पहली बार जीता सैयद मुश्ताक अली ट्राफी खिताब



नई दिल्ली, अजिंक्य रहाणे की कप्तानी में मुंबई की टीम ने पहली बार सैयद मुश्ताक अली ट्राफी टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई थी और फिर फाइनल मैच में हिमाचल प्रदेश को हराकर इस खिताब पर पहली बार कब्जा किया। फाइनल मैच में टीम को जीत दिलाने में टीम के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर और सरफराज खान का अहम रोल रहा तो वहीं तनुश कोटियान को उनकी बेहतरीन गेंदबाजी के लिए प्लेयर आफ द मैच का खिताब मिला।

**मुंबई ने पहली बार जीता खिताब, हिमाचल को फाइनल में हराया**

इस मैच में मुंबई के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने टास जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया था। इसके बाद ऋषि धवन की कप्तानी वाली हिमाचल की टीम ने 20 ओवर में 8 विकेट पर 143 रन का स्कोर खड़ा किया। हिमाचल प्रदेश की तरफ से एकांत सेन ने सबसे ज्यादा 37 रन की पारी खेली जबकि निखिल गंगटा ने 22 रन, आकाश वशिष्ठ ने 25 रन जबकि मयंक डागर ने 21 रन का योगदान दिया। कप्तान ऋषि धवन ने सिर्फ एक रन की पारी खेली जबकि मुंबई की तरफ से मोहित अवस्थी और तनुश कोटियान 3-3 विकेट लेकर सबसे सफल गेंदबाज रहे।

मुंबई को जीत के लिए 144 रन का टारगेट मिला था, लेकिन टीम की शुरुआत उतनी अच्छी नहीं रही और ओपनर बल्लेबाज पृथ्वी शा 11 रन जबकि कप्तान अजिंक्य रहाणे एक रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद यशस्वी जयसवाल ने 27 रन का योगदान दिया जबकि श्रेयस अय्यर ने भी 26 गेंदों पर एक छक्के व चार चौकों की मदद से 34 रन की पारी खेली और आउट हो गए जबकि सरफराज खान ने 31 गेंदों पर एक छक्का व 3 चौकों की मदद से नाबाद 36 रन की पारी खेलते हुए टीम को जीत दिला दी। मुंबई टीम की बात करें तो इस टीम ने अब तक 41 बार रणजी ट्राफी खिताब जीता है जबकि 4 बार विजय हजारे ट्राफी जीती है, लेकिन पहली बार सैयद मुश्ताक अली ट्राफी खिताब जीतकर अपना खाता खोल दिया।



# जिम्बाब्वे को हराकर सेमीफाइनल में जगह सील करने उतरेगी टीम इंडिया



नई दिल्ली, रोहित शर्मा की कप्तानी में भारतीय क्रिकेट टीम का प्रदर्शन टी20 वर्ल्ड कप 2022 में अब तक अच्छा रहा है और ये टीम सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की करने से सिर्फ एक मैच दूर है। भारत का आखिरी ग्रुप मैच जिम्बाब्वे के खिलाफ मेलबर्न में रविवार को खेला जाएगा और इस मैच में जीत के बाद ही टीम इंडिया के लिए सेमीफाइनल में पहुंचने का द्वार खुलेगा।

भारतीय टीम ने अब तक 4 मैच खेले हैं जिसमें से उसे 3 में जीत मिली थी तो वहीं एक मैच में उसे साउथ अफ्रीका के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था। 3 मैचों में जीत के साथ टीम इंडिया ने 6 अंक अर्जित किए हैं और ग्रुप 1 की अंकतालिका में पहले नंबर पर काबिज है। वहीं जिम्बाब्वे की टीम ने पिछले 4 मैचों में एक में जीत हासिल की थी जबकि दो में उसे हार मिली थी और एक मैच बारिश की वजह से नहीं हो पाया था। अब ये टीम 3 अंक के साथ पांचवें स्थान पर है। आइए अब आपको बताते हैं कि भारत और जिम्बाब्वे के बीच होने वाले इस मैच को आप कब, कहां और कैसे देख सकते हैं।

## श्रीलंका पर जीत के साथ इंग्लैंड सेमीफाइनल में



इस मुकाबले में श्रीलंका के कप्तान दसुन शनाका ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। इसके बाद श्रीलंका की टीम ने पथुम निसानका की अर्धशतकीय पारी के दम पर 20 ओवर में 8 विकेट पर 141 रन बनाए और इंग्लैंड को जीत के लिए 142 रन का टारगेट दिया। इसके जवाब में इंग्लैंड की टीम ने 19.4 ओवर में 6 विकेट पर 144 रन बनाते हुए मैच में जीत दर्ज कर ली।

ग्रुप 1 में ऐसा रहा अंकों का खेल

ग्रुप ए की तीन टीमों न्यूजीलैंड, इंग्लैंड व आस्ट्रेलिया ने 7-7 अंक अर्जित किए थे, लेकिन सबसे बेहतर नेट रन रेट न्यूजीलैंड का रहा जो पहले नंबर पर 7 अंक के साथ रही। वहीं इंग्लैंड का नेट रन रेट आस्ट्रेलिया से बेहतर रहा और वो 7 अंक के साथ दूसरे नंबर पर रही जबकि 7 अंक के साथ ही इन दोनों टीमों के मुकाबले खराब रन रेट के आधार पर तीसरे नंबर पर कंगारू टीम रही और उसे टी20 वर्ल्ड कप 2022 मे सेमीफाइनल की होड़ से बाहर होना पड़ा। वहीं ग्रुप ए में श्रीलंका की टीम 4 अंक के साथ चौथे, 3 अंक के साथ आयरलैंड पांचवें और 2 अंक के साथ अफगानिस्तान की टीम छठे स्थान पर रही।

नई दिल्ली, : इंग्लैंड क्रिकेट टीम का सामना श्रीलंका के साथ सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर हुआ और बेहद रोमांचक इस मुकाबले में इंग्लैंड ने 4 विकेट से जीत दर्ज करके टी20 वर्ल्ड कप 2022 के सेमीफाइनल में जगह बना ली। वहीं इंग्लैंड की इस जीत के साथ डिफेंडिंग चैंपियन आस्ट्रेलिया टी20 वर्ल्ड कप से बाहर हो गई। ग्रुप ए में न्यूजीलैंड के बाद इंग्लैंड की टीम इस वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में पहुंचने वाली दूसरी टीम बन गई।

## कप्तान को फार्म में आना होगा

मेलबर्न। 04, 53, 15, 02.. भारतीय कप्तान रोहित शर्मा इस टी-20 विश्व कप में चार मैच में सिर्फ 74 रन बना पए हैं। उन्होंने एक अर्धशतक जरूर लगाया है लेकिन उस मैच की विपक्षी टीम क्वालीफाइंग राउंड से सुपर-12 में आई नीदरलैंड्स थी। पाकिस्तान, दक्षिण अफ्रीका और बांग्लादेश के विरुद्ध वह संघर्ष करते नजर आए। वह रन नहीं बना पा रहे, ये समस्या नहीं है, वह अच्छे गेंदबाजों के सामने फंसे हुए दिख रहे हैं ये समस्या है।अब भारत को रविवार को मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर (एमसीजी) जिंबाब्वे से भिड़ना है। अगर टीम यह मैच जीतेगी तो ग्रुप-2 में शीर्ष पर रहेगी और उसका सामना सेमीफाइनल में एडिलेड में इंग्लैंड के साथ होगा। जिंबाब्वे से जीतने में भारत को उतनी दिक्कत नहीं होगी, लेकिन अगर टीम इंडिया को सेमीफाइनल में इंग्लैंड और फाइनल में न्यूजीलैंड या दक्षिण अफ्रीका को हराना है ।

## रोहित की कप्तानी को लेकर अध्यक्ष ने कहा-धौनी से नहीं की जा सकती तुलना



नई दिल्ली,रोहित शर्मा की अगुवाई में भारतीय टीम टी20 विश्व कप 2022 के सेमीफाइनल में प्रवेश करने के बहुत करीब है। याद हो कि रोहित शर्मा इस टी20 विश्व कप में उन चार खिलाड़ियों में से एक हैं जिन्होंने 2007 का वर्ल्ड कप खेला था। 2007 में धौनी की कप्तानी में भारत ने टी20 विश्व कप जीता था। उसके बाद से कभी खिताब नहीं जीत सका। इस बार भारत सेमीफाइनल में जगह बनाने से एक जीत दूर है।

भारत के हालिया प्रदर्शन के को देखते हुए इउउक अध्यक्ष रोजर बिन्नी ने रोहित की कप्तानी को लेकर पूछे गए सवाल पर कहा कि, रोहित की तुलना एमएस धोनी से नहीं की जा सकती। सभी के अपने-अपने तरीके होते हैं। दरअसल बीसीसीआइ अध्यक्ष रोजर बिन्नी शुक्रवार को चेन्नई में तमिलनाडु क्रिकेट संघ के 90वें वार्षिक दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लेने गए थे।

वहां पत्रकारों ने रोजर बिन्नी को रोहित की कप्तानी की तुलना धौनी और कपिल देव से करने के लिए कहा गया। बिन्नी ने इस सवाल पर चुप्पी साधे रखी फिर कहा कि सभी ने अपने-अपने तरीके से टीम का नेतृत्व किया। रोहित एक अनुभवी खिलाड़ी हैं। उन्होंने कई मैच खेले हैं और कई परिस्थितियों को देखा है। हर किसी का अलग तरीका होता है। धोनी बिल्कुल अलग हैं, आप उनकी तुलना कपिल या गावस्कर से नहीं कर सकते। हर किसी का काम करने का तरीका अलग होता है।

**जिम्बाब्वे के खिलाफ भारत खेलेगा ग्रुप का आखिरी मैच**

बात दें कि भारत रविवार को मेलबर्न में जिम्बाब्वे के खिलाफ अपना अंतिम ग्रुप स्टेज मैच खेलेगा। अगर भारत जीत जाता है, तो वह ग्रुप-2 से सेमीफाइनल में जगह बना लेगा। ग्रुप-1 से न्यूजीलैंड अब तक सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करने वाली एकमात्र टीम है।

# फिल्मी गपशप

## रणवीर सिंह बन सकते हैं शक्तिमान, क्या आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित होगा फिल्म का वीएफएक्स ?

ओम राउत और रणवीर सिंह की साझेदारी की लंबे समय स ा चर्चा है। खबर है कि ओम राउत ने अपनी अगली फिल्म के लिए रणवीर से संपर्क किया है। यह वीएफएक्स से भरी फिल्म होगी। ओम अपनी वीएफएक्स फिल्मों के लिए लोकप्रिय हैं। उनकी नई फिल्म के वीएफएक्स को लेकर दिलचस्प खबर सामने आई है। इससे पहले भी खबर आई थी कि ओम शक्तिमान फिल्म का निर्देशन करने जा रहे हैं जिसके लिए रणवीर से संपर्क किया गया है।

रिपोर्ट्स के अनुसार रणवीर ओम राउत की अगली फिल्म में काम करेंगे। यह एक बड़े स्तर की वीएफएक्स से भरपूर फिल्म होगी। इसका वीएफएक्स आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) पर आधारित होगा। सूत्रों के मुताबिक रणवीर को यह कॉन्सेप्ट पसंद आया और उन्होंने प्रोजेक्ट के लिए हामी भर दी है। इन रिपोर्ट्स की मानें तो प्रशंसक जल्द ही रणवीर को सुपरहीरो के रूप में देखेंगे। हालांकि, ओम और रणवीर में किसी ने फिलहाल कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की है।




आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित वीएफएक्स आधुनिक तकनीक है जिसमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से वीएफएक्स तैयार किया जाता है। इससे ज्यादा से ज्यादा असली लगने वाले इफेक्ट्स बनाए जा सकते हैं और इससे पैसे, समय और मेहनत की भी बचत होती है।

इस साल फरवरी में सोनी पिक्चर्स ने सुपरहीरो फिल्म शक्तिमान की घोषणा की थी जिसका निर्देशन ओम करेंगे। चर्चा है कि यह फिल्म तीन हिस्सों में बनेगी। फिल्म के निर्माताओं में मुकेश खन्ना का भी नाम शामिल है। मुकेश ने ही दूरदर्शन पर शक्तिमान का यादगार किरदार निभाया था। फिल्म का बजट 300 करोड़ रुपये निर्धारित होने की चर्चा है। निर्माताओं को उम्मीद है कि इस फिल्म के जरिए वह नई पीढ़ी के सामने 1997 वाला कमाल दोहरा पाएंगे।

शक्तिमान टीवी के सबसे लोकप्रिय शो में से एक रहा है। यह लोकप्रिय शो 1997 में दूरदर्शन पर शुरू हुआ था और 2005 तक चला। शो में मुकेश शक्तिमान और गंगाधर के किरदार में नजर आते थे। सुपरहीरो की पहचान छुपाने के लिए शक्तिमान गंगाधर बन जाता था। शक्तिमान भारत का पहला सुपरहीरो था, जिसे दर्शकों का भरपूर प्यार मिला था। अब बड़े पर्दे पर इसे नए स्वरूप में देखने के लिए प्रशंसक भी उत्साहित हैं।

निर्देशक ओम राउत इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म आदिपुरुष को लेकर चर्चा में हैं। आदिपुरुष भी एक वीएफएक्स वाली फिल्म है। फिल्म की ज्यादा वीएफएक्स के कारण आलोचना भी हो रही है। फिल्म रामायण पर आधारित है। इसमें प्रभास और कृति सैनन मुख्य भूमिका में हैं। वहीं रणवीर की बात करें तो वह रोहित शेट्टी की फिल्म सर्कस में नजर आएंगे। यह फिल्म क्रिसमस के मौके पर रिलीज होगी। वह रॉकी और रानी की प्रेमकहानी में भी नजर आएंगे।

## तेलुगू वेब सीरीज अहा ना पेल्लांता का मजेदार टीजर रिलीज



निर्देशक संजीव रेड्डी की आगामी वेब सीरीज अहा ना पेल्लांता के निर्माताओं ने सोमवार को तेलुगु कॉमेडी का टीजर जारी किया। सीरीज, जो एक दूल्हे की एक हास्य कथा है, जिसे अपनी शादी के दिन दुल्हन द्वारा अलग किया जाता है, को ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर स्ट्रीम किया जाना है। तमाडा मीडिया द्वारा निर्मित, आठ एपिसोड की सीरीज में राज तरुण और शिवानी राजशेखर और महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हास्य कलाकारों की एक भीड़ है।

इस रोमांटिक कॉमेडी ड्रामा सीरीज का प्रीमियर जी5 पर 17 नवंबर को होगा।बहुत सारी भावनाओं से भरी हुई इ प्यार, विश्वासघात, दोस्ती, कहानी एक दुल्हन के इर्द-गिर्द घूमती है, जो अपने पूर्व प्रेमी के साथ मंडप में इंतजार कर रहे दूल्हे को छोड़कर भाग जाती है।कहानी तब सामने आती है जब यह आदमी बदला लेने का फैसला करता है। सीरीज एक विनोदी बदला लेने और एक तर्कहीन शपथ है जो नायक के भाग्य को हमेशा के लिए बदल देती है। अहा ना पेल्लांता रोमांस और कॉमेडी का एक बुद्धिमान मिश्रण है जो रिश्तों पर एक अनूठा रूप लेता है। यह अपने दर्शकों को एक नहीं बल्कि कई सरप्राइज देगा। जैसा कि टीजर में देखा गया है, सीनू (राज तरुण द्वारा अभिनीत) अपनी मां द्वारा लगाए गए एक अंधविश्वास में विश्वास करता है कि अगर वह किसी लडकी को पसंद करता है या सोचता है तो उसके पिता खतरे में पड़ जाएंगे और उनसे बात करने में कभी सहज नहीं होंगे।

## ब्रीद : इनटू द शैडो 2 में जे के रूप में अभिषेक की वापसी



अभिषेक बच्चन अभिनीत फिल्म ब्रीद : इनटू द शैडो के दूसरे सीजन का ट्रेलर एक्शन और रोमांच से भरपूर है। ट्रेलर आगामी सीजन की एक झलक देता है जिसमें अभिषेक बच्चन का जे का चरित्र अपने शेष लक्ष्यों को खत्म करने के लिए लौटता है। लेकिन, जो बात ट्रेलर को दिलचस्प बनाती है वह है पिचर्स फेम नवीन कस्तूरिया द्वारा निभाए गए एक नए किरदार की एंट्री।नवीन का चरित्र वह है जो अविनाश के अभिषेक के चरित्र के अंधेरे को बाहर लाता है और यही कारण है कि बाद वाले को लगता है कि वह जे के अपने विभाजित व्यक्तित्व के साथ ओवरलैप करता है। ट्रेलर को चेज सीक्वेंस और फेस-ऑफ के रूप में उच्च-ऑक्टेन एक्शन के साथ उदारतापूर्वक पेश किया गया है क्योंकि कबीर सावंत (अमित साध द्वारा अभिनीत) जे और उसके कार्यों को पकडने के लिए पूरी तरह से तैयार है। मनोवैज्ञानिक थ्रिलर के दूसरे सीजन में नित्या मेनन, सैयामी खेर और बाल कलाकार इवाना कौर भी अपनी भूमिकाओं को दोहराते हुए दिखाई देंगी। विक्रम मल्होत्रा और अबुदंतिया एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित, आठ-एपिसोड की मूल सीरीज मयंक शर्मा द्वारा सह-निर्मित और निर्देशित है, जिन्होंने पिछले सीजन में भी अभिनय किया था।

## सिद्धार्थ मल्होत्रा-कियारा आडवाणी की अदल बदल ठंडे बस्ते में गई?

कुछ समय पहले खबर आई थी कि अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी फिल्म अदल बदल में नजर आएंगे। यह एक रोमांटिक फिल्म होगी, जिसमें दोनों मुख्य भूमिकाओं में दिख सकते हैं। अब सुनने में आ रहा है कि इस प्रोजेक्ट को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है। इस फिल्म को बनाने के लिए कोई प्रोडक्शन कंपनी तैयार नहीं है, इसलिए इस पर काम बंद कर दिया गया है।

सूत्र ने बताया कि अदल बदल को कोई खरीददार नहीं मिल रहा है। एक सूत्र ने कहा, सिद्धार्थ और कियारा इस फिल्म को करने के लिए काफी उत्सुक थे। इन दोनों ने इस प्रोजेक्ट की स्क्रिप्ट के साथ मेकर्स को आगे बढने की हरी झंडी भी दी। दुर्भाग्य से इस प्रोजेक्ट के शुरू होने से पहले ही ऐसा लगता है कि फिल्म के लिए कोई खरीददार नहीं मिला। सूत्र का कहना है कि सिद्धार्थ और कियारा की जोड़ी की वजह से नहीं, बल्कि इसकी अलग कहानी के चलते प्रोड्यूसर्स इसमें पैसा लगाने से हिचक रहे हैं। कोई भी प्रोडक्शन कंपनी फिल्म के प्लॉट के कारण इसमें पैसा लगाकर जोखिम नहीं उठाना चाहती। यह फिल्म एक रहस्यमयी प्रेम कहानी पर आधारित है, जिसमें दो किरदारों की आत्माएं आपस में अदल-बदल जाती हैं। इसलिए इसका शीर्षक अदल बदल रखा गया है।



पिछले साल आई फिल्म शेरशाह में दोनों की जोड़ी को पसंद किया गया था। फिल्म अमेजन प्राइम वीडियो पर आई थी। इसमें सिद्धार्थ ने कारगिल युद्ध में शहीद हुए कैप्टन विक्रम बत्रा का किरदार निभाया था। वहीं, विक्रम की मंगेतर डिंपल चिमा के किरदार में कियारा की जुगलबंदी को लोगों ने सराहा था। विष्णु वर्धन ने इसका निर्देशन किया था। इस फिल्म के गाने भी काफी लोकप्रिय हुए थे।

फिल्मों के अलावा सिद्धार्थ और कियारा की प्रेम कहानी भी सुर्खियां बटोरती रहती हैं। दोनों की शादी की अटकलें भी चल रही हैं। हालिया, एक रिपोर्ट की मानें तो ये दोनों इस साल दिसंबर में सात फेरे ले सकते हैं। जब सभी तैयारियां पूरी हो जाएंगी, तब वे अपनी शादी की आधिकारिक घोषणा कर सकते हैं। इन दोनों ने अपने रिलेशनशिप को भी काफी सीक्रेट रखने की कोशिश की है। सिद्धार्थ के वर्कफ्रंट की बात करें तो वह हाल में अजय देवगन की फिल्म थैंक गॉड में दिखे हैं। वह मिशन मजनू में साउथ अभिनेत्री रश्मिका मंदाना के साथ दिखाई देंगे। उन्हें वर्धन केतकर की फिल्म थाडम में भी देखा जाएगा। कियारा के खाते से भी कई फिल्में जुड़ी हैं।

जयन्त
संस्थापक
नरेन्द्र उनियाल
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक और
सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
द्वारा जयन्त प्रकाशन डिग्री कॉलेज रोड़, जौनपुर कोटद्वार गढ़वाल (उत्तराखण्ड) से मुद्रित तथा जयन्त कार्यालय चन्द्रसिंह गढ़वाली मार्ग, गैरसैंण, जनपद चमोली उत्तराखण्ड से प्रकाशित
RNI No.UTTHIN/2005/16338